E PAPER

# थिंक राजस्थान

सोच नई, राजस्थान के लिए

वर्ष: 01 | अंक: 46 | पृष्ठ: 8 | अंग्रेजी/हिन्दी (दैनिक) | जयपुर, शनिवार 29 अगस्त, 2026 | मूल्य: ₹10.00 | प्रभात | RNI NO. RJMUL/26/A4290

## मनुस्मृति विवादः राहुल गांधी के बयान पर भड़के शंकराचार्य, कहा- माफी मांगे नहीं तो कांग्रेस का करेंगे बहिष्कार



**थिंक राजस्थान**

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने हाल ही में पुणे में 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में मनुस्मृति पर दिए गए बयान पर घिर गए हैं। नेताओं से लेकर देश के बड़े साधु-संतों और शंकराचार्यों तक सभी उनके बयान की निंदा कर रहे हैं। ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के बाद एक और शंकराचार्य ने राहुल गांधी के बयान की निंदा की है। द्वारका पीठ के शंकराचार्य सदानंद सरस्वती ने नाराजगी जताते हुए कहा कि कांग्रेस सांसद का बयान शर्मनाक है। ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के बयान पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी बार-बार सनातन धर्मग्रंथों का अपमान करते हैं लेकिन ऐसा नहीं चलेगा। शंकराचार्य ने कहा कि वे बार-बार सनातन धर्मग्रंथों का अपमान करते हैं लेकिन अब ऐसा नहीं चलेगा। राहुल अपने राजनीतिक नफा नुकसान के हिसाब से धर्मग्रंथों की व्याख्या करते है। कांग्रेस सांसद के मन में अगर मनुस्मृति को लेकर कोई सवाल है तो बैठकर हमसे चार्चा कर सकते हैं। लेकिन बिना सही जानकारी के टिप्पणी करना उचित नहीं है। शंकराचार्य ने उन्हें चेतावनी देते हुए कहा कि वह माफी मांगे नहीं तो हम कांग्रेस पार्टी का बहिष्कार कर देंगे। बता दें, लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने 22 अगस्त को छात्रों की गूंज कार्यक्रम को संबोधित किया था। यह आयोजन पुणे में किया गया था। इस दौरान उन्होंने कहा था कि महिलाओं को दूसरों पर निर्भर बनाकर रखना 'मनुस्मृति की मानसिकता' का हिस्सा है। महिलाओं को अपने अधिकारों के लिए आगे आना चाहिए। जब भी मैं पुरुषों से बात करता हूं, महिलाओं को तीन बॉक्स में रखा जाता है। महिलाओं को बेटी, पत्नी या मां के रूप में। मां, पत्नी और बेटी के रूप में देखे जाने में कोई बुराई नहीं है। लेकिन सिर्फ यही एक आपकी पहचान नहीं हो सकती। राहुल गांधी के इस बयान के बाद मनुस्मृति को लेकर राजनीतिक बयानबाजी के साथ धार्मिक स्तर पर भी विवाद बढ़ता नजर आ रहा है। द्वारका पीठ के शंकराचार्य सदानंद सरस्वती ने बयान को शर्मनाक बताते हुए आपत्ति जताई और कहा कि धार्मिक ग्रंथों के संबंध में किसी भी प्रकार की टिप्पणी करने से पहले उनके मूल संदर्भ और अर्थ को समझना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ऐसे विषयों पर सार्वजनिक मंच से टिप्पणी करने के बजाय विद्वानों और धर्माचार्यों के साथ संवाद किया जाना चाहिए। वहीं ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने भी राहुल गांधी से अपने बयान पर पुनर्विचार करने की बात कही। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी राजनीतिक दृष्टिकोण से धर्मग्रंथों की व्याख्या करते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि मनुस्मृति को लेकर कोई जिज्ञासा या आपत्ति है तो धर्माचार्यों के साथ चर्चा कर विषय को समझा जा सकता है। राहुल गांधी ने पुणे में आयोजित छात्रों की गूंज कार्यक्रम के दौरान महिलाओं की सामाजिक स्थिति और उनकी स्वतंत्र पहचान को लेकर अपने विचार रखे थे।

उन्होंने कहा था कि महिलाओं को केवल बेटी, पत्नी या मां की भूमिका तक सीमित नहीं किया जाना चाहिए। इसी संदर्भ में उन्होंने महिलाओं को दूसरों पर निर्भर बनाए रखने वाली सोच को मनुस्मृति की मानसिकता से जोड़ते हुए टिप्पणी की थी। उनके इस बयान को लेकर अब राजनीतिक और धार्मिक दोनों क्षेत्रों में प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं।

## नेपाल पर फिर मंडराया बाढ़ का खतरा, तिब्बत में झील फटने से भोटेकोसी नदी का जलस्तर बढ़ा

**थिंक राजस्थान**

काठमांडू। नेपाल में एक बार फिर से बड़ा खतरे की चेतावनी जारी की गई है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि देश में एक बार फिर से बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। अधिकारियों के अनुसार, चीन के तिब्बती क्षेत्र में एक झील के फटने की सूचना मिली है, जिससे नेपाल में दोबारा बाढ़ आ सकती है। नेशनल डिजास्टर रिस्क रिडक्शन एंड मैनेजमेंट अथॉरिटी (एनडीआरआरएमए) ने शुक्रवार को जारी एक नोटिस में कहा कि सूचना मिली है कि रसुवा जिले में भोटेकोसी नदी के उसी क्षेत्र में, जहां 26 अगस्त को बड़ी बाढ़ आई थी, शुक्रवार को मलबे और कीचड़ के साथ पानी का बहाव फिर से बढ़ गया है। अथॉरिटी ने चेतावनी देते हुए कहा कि एक और बाढ़ आने की आशंका बनी हुई है। इसलिए भोटेकोसी और त्रिशूली नदियों के किनारे राहत और बचाव कार्य में लगे सभी कर्मियों तथा विभिन्न कारणों से जोखिम वाले इलाकों में मौजूद लोगों को अत्यधिक सतर्क रहने की जरूरत है। यह नई चेतावनी ऐसे समय जारी की गई है जब नेपाल अभी भी 26 अगस्त की विनाशकारी बाढ़ से उबरने की कोशिश कर रहा है।

## नेपाल में बाढ़ के बाद 320 भारतीय नागरिक लापता, चीन की सीमा पर फंसे 400 सुरक्षितः विदेश मंत्रालय



**थिंक राजस्थान**

नई दिल्ली। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि नेपाल में आई भीषण बाढ़ के बाद 320 भारतीय नागरिक लापता हैं, जबकि चीन की सीमा पर फंसे 400 भारतीय नागरिक सुरक्षित हैं। शुक्रवार को नई दिल्ली में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि त्रिशुली-वन जलविद्युत परियोजना में कार्यरत 63 भारतीय नागरिकों सहित 84 भारतीय नागरिकों को अब तक बचाया जा चुका है।

उन्होंने आगे बताया कि चीन की सीमा पर फंसे 96 भारतीय नागरिक सड़क मार्ग से सुरक्षित रूप से नेपाल पहुंच गए हैं। नेपाल में फंसे भारतीय नागरिकों की स्थिति के बारे में जायसवाल ने कहा कि पहली अच्छी खबर! बाढ़ प्रभावित क्षेत्र से कल काठमांडू पहुंचे 21 भारतीय नागरिक आज दिल्ली पहुंच गए हैं। कल हमारे राजदूत ने काठमांडू में उनसे मुलाकात की और उनका हालचाल पूछा। उन्होंने आगे कहा कि इन 21 और 63 के अलावा, हमें पता चला है कि चीन की सीमा में फंसे 96 भारतीय नागरिक सड़क मार्ग से सुरक्षित रूप से नेपाल पहुंच गए हैं और उन्हें निकालने के प्रयास जारी हैं। जैसे ही हमें उनके बारे में और जानकारी मिलेगी, हम आपको सूचित करेंगे। जायसवाल ने बताया कि भारतीय मूल के लगभग 100 लोग अभी भी संपर्क से बाहर हैं।

## तेहरान के खिलाफ दबाव कारगर नहीं, अमेरिका समझे बात तो कूटनीति संभव: ईरानी विदेश मंत्री



**थिंक राजस्थान**

तेहरान। ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने शुक्रवार को कहा कि अगर वाशिंगटन को यह एहसास हो जाए कि तेहरान के खिलाफ दबाव कारगर नहीं है, तो अमेरिका के साथ कूटनीति फिर से पटरी पर आ सकती है। ईरानी विदेश मंत्री अराघची ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह बात कही। इसमें उन्होंने गुरुवार को तेहरान में कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान बिन जसीम अल थानी के साथ हुई अपनी बैठक का जिक्र किया। अराघची ने कहा, 'कूटनीति को फिर से पटरी पर लाना असंभव नहीं है। यह इस बात पर निर्भर करता है कि अमेरिका एक सरल तथ्य को समझे।' समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, ईरानी विदेश मंत्री ने अमेरिका से भरोसा कायम करने, सम्मानपूर्वक बात करने, ईरान के अधिकारों को मानने और देश के प्रति अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने का आह्वान किया। गौरतलब है कि 18 जून को अमेरिका और ईरान ने क्षेत्र में युद्ध खत्म करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे। इसके तहत दोनों पक्षों को अंतिम समझौते पर पहुंचने के लिए 60 दिनों के भीतर बातचीत करनी थी, जिसकी समय-सीमा 17 अगस्त को खत्म हो गई। हालांकि, पिछले महीने दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ने के बाद बातचीत अटकी है। इस महीने की शुरुआत में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को सहायता प्रदान करने वाले किसी भी देश के खिलाफ 'अब तक की सबसे कठोर आर्थिक कार्रवाई' की घोषणा की थी। उन्होंने कहा, 'यह अभूतपूर्व स्तर पर आर्थिक युद्ध और अलगाव होगा।' ट्रंप ने इस कदम को 'आर्थिक डी-डे' करार दिया। वहीं, कतर के प्रधानमंत्री ने क्षेत्रीय जिम्मेदारियों का हवाला देते हुए ईरान के साथ सहयोग करने के लिए अपने देश की प्रतिबद्धता दोहराई।

## रक्षाबंधन पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं : कहा— यह पर्व बहनों के सम्मान

**थिंक राजस्थान**

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रक्षाबंधन के पावन पर्व पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अपने शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के स्नेह और अटूट विश्वास का उत्सव नहीं है, बल्कि यह समाज में मातृशक्ति और बहनों के सम्मान, सुरक्षा और उनके सर्वांगीण सशक्तिकरण के संकल्प को और अधिक मजबूत करने का पावन अवसर है।

अटूट विश्वास का प्रतीकः मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भाई-बहन के पावन और पवित्र रिश्ते की डोर समाज में आपसी प्रेम, विश्वास और सामाजिक समरसता को सुदृढ़ बनाती है।

सुरक्षा और सशक्तिकरण का संकल्पः उन्होंने दोहराया कि राज्य सरकार प्रदेश की हर बहन और बेटी को सुरक्षित, भयमुक्त और सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

कल्याणकारी नीतियांः मुख्यमंत्री ने विश्वास दिलाया कि सरकार महिलाओं के आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है, ताकि प्रदेश की बेटियां आत्मनिर्भर बनकर हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकें।

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए सभी से इस पावन पर्व को आपसी भाईचारे और उल्लास के साथ मनाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शिक्षा, रोजगार और आर्थिक अवसरों को बढ़ावा देना आवश्यक है। राज्य सरकार विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं को आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि समाज की प्रगति तभी संभव है, जब महिलाओं को समान अवसर और सम्मान मिले।




## 'सब कुछ एक ही झटके में बह गया, 30-35 किमी का क्षेत्र हुआ तबाह'

**थिंक राजस्थान**

नुवाकोट। नेपाल में आई विनाशकारी अचानक बाढ़ (फ्लैश फ्लड) के बाद लोगों के बीच भय और अनिश्चितता का माहौल बना हुआ है। अब तक इस आपदा में 469 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 977 लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। प्रभावित क्षेत्रों के लोगों का कहना है कि सब कुछ एक ही पल में बह गया और अभी तक कई मृतकों की पहचान भी नहीं हो सकी है। नुवाकोट में राहत और बचाव कार्य में जुटे एक स्वयंसेवक ने आईएएनएस से बातचीत में कहा कि वह करीब दो घंटे पहले काठमांडू से प्रभावित लोगों की तत्काल जरूरतों का आकलन करने के लिए पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि फिलहाल भोजन, पीने के पानी और रात में ठहरने की व्यवस्था सबसे बड़ी जरूरत है। स्वयंसेवक ने कहा, 'मुझे नहीं पता कि यह आपदा कैसे आई। सब कुछ एक ही झटके में बह गया। लोगों को बाढ़ की कोई चेतावनी नहीं मिली थी। किसी ने इतनी बड़ी तबाही की कल्पना भी नहीं की थी।'

## कर्नाटक सीएम शिवकुमार ने नागेंद्र के इस्तीफे का दिया संकेत, कहा- मंत्री खुद करेंगे बात

**थिंक राजस्थान**

बेंगलुरु। कर्नाटक के योजना और सांख्यिकी मंत्री बी. नागेंद्र के इस्तीफा देने की खबरों के बीच, मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने शुक्रवार को कहा कि मंत्री ने सुबह उनसे बात की थी और वे इस मुद्दे पर सीधे मीडिया से बात करेंगे। भाजपा और जेडी (एस) ने मंत्री नागेंद्र के इस्तीफे की मांग को लेकर विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया है और एक कथित आदिवासी कल्याण घोटाले में उनकी भूमिका का आरोप लगाते हुए 185 किलोमीटर के विरोध मार्च की घोषणा भी की है। सीएम शिवकुमार ने बेंगलुरु के मानेकशा परेड ग्राउंड में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि नागेंद्र से जुड़ा मामला पार्टी आलाकमान पर छोड़ दिया गया है और मंत्री खुद अपनी स्थिति स्पष्ट करेंगे। जब उनसे पूछा गया कि क्या नागेंद्र ने इस्तीफा सौंप दिया है, तो सीएम शिवकुमार ने कहा, 'उन्होंने सुबह मुझसे बात की थी।'

## रक्षाबंधन पर बच्चों के बीच घुले-मिले पीएम मोदी, छोटी बच्चियों से बोले- 'महाकाल का प्रसाद मेरे लिए भी लाना'



**थिंक राजस्थान**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को रक्षाबंधन के अवसर पर अपने आधिकारिक आवास 7, लोक कल्याण मार्ग पर स्कूली बच्चों के साथ त्योहार मनाया। इस दौरान छोटी बच्चियों ने प्रधानमंत्री की कलाई पर राखी बांधी, कविताएं सुनाईं और उनसे दिलचस्प सवाल पूछे। पीएम मोदी ने भी बच्चों के साथ हंसी-मजाक किया, उन्हें आशीर्वाद दिया और उनकी बातों का आत्मीयता से जवाब दिया। प्रधानमंत्री ने रक्षाबंधन समारोह का एक वीडियो शेयर किया। वीडियो में पीएम मोदी बच्चों से गर्मजोशी से मिलते, हाई-फाइव करते और उनसे बातचीत करते नजर आए। एक बच्ची ने उन्हें कमल के आकार की राखी बांधते हुए बताया कि यह 'लोटस वाली राखी' है। इस पर प्रधानमंत्री मुस्कुराते हुए बोले, 'लोटस?' एक बच्ची ने कविता सुनाते हुए कहा कि जब-जब वह टूटी और बिखरी, तब-तब भाई ने उसे संभाला। कविता सुनने के बाद प्रधानमंत्री ने बच्ची की तारीफ की और उसे आशीर्वाद दिया।

बातचीत के दौरान एक बच्ची ने प्रधानमंत्री को 'हैप्पी बर्थडे' बोला, तो पीएम मोदी ने पूछा कि उनका जन्मदिन कब है। बच्ची ने खुद जवाब देते हुए कहा, '17 सितंबर।' इस पर पीएम मोदी ने मुस्कुराते हुए कहा कि अच्छा 'हैप्पी बर्थडे एडवांस में।' एक अन्य बच्ची ने पर्यावरण और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर आधारित विशेष राखी भेंट की।

उसने कहा कि उनका स्कूल प्रधानमंत्री के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधे लगाता है और वह वादा करती है कि 'सबके लिए एआई' की भावना के साथ वह एआई को जिम्मेदारी से सीखेगी और लोगों की मदद के लिए इस्तेमाल करेगी। प्रधानमंत्री ने उसकी बात सुनकर कहा, 'शाबाश!' 'एग्जाम वॉरियर्स' पुस्तक पढ़ने वाली एक छात्रा ने बताया कि पहले उसे परीक्षाओं से बहुत डर लगता था, लेकिन अब वह खुद को 'एग्जाम वॉरियर' मानती है। पीएम मोदी ने उसकी बात सुनकर उसे खूब मेहनत करने और आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया। एक बच्ची के टूटे हुए दांत देखकर प्रधानमंत्री ने मजाकिया अंदाज में पूछा, 'ये सारे दांत कहां चले गए?' बच्ची ने जवाब दिया, 'टूट गए, गिर गए।' इसके बाद पीएम मोदी ने हंसते हुए पूछा कि क्या वह करेला खाती है। बच्ची ने कहा कि न वह खाती है और न उसका भाई।

## लैंडिंग के दौरान फटा एलायंस एयर विमान का टायर, सभी यात्री सुरक्षित



**थिंक राजस्थान**

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर एयरपोर्ट पर शुक्रवार को एक बड़ा विमान हादसा होते-होते टल गया। दिल्ली से बिलासपुर पहुंची एलायंस एयर की फ्लाइट 9आई613 का लैंडिंग के दौरान टायर फट गया, जिससे कुछ देर के लिए विमान में सवार यात्रियों के बीच घबराहट का माहौल बन गया।

हालांकि पायलट की सूझबूझ और एयरपोर्ट प्रशासन की त्वरित कार्रवाई के चलते सभी यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। अधिकारियों के अनुसार, यह घटना सुबह करीब 11 बजे हुई, जब एलायंस एयर का विमान दिल्ली से उड़ान भरने के बाद बिलासपुर हवाई अड्डे पर उतर रहा था। जैसे ही विमान के पहियों ने रनवे को छुआ, उसी दौरान उसके बाईं ओर का एक टायर अचानक फट गया। टायर फटने के साथ जोरदार झटका महसूस हुआ, जिससे विमान में मौजूद यात्री घबरा गए। घटना के समय विमान में कुल 41 लोग मौजूद थे, जिनमें 37 यात्री और 4 चालक दल के सदस्य शामिल थे। टायर फटने के बावजूद पायलट ने विमान पर नियंत्रण बनाए रखा और उसे सुरक्षित रूप से रनवे पर रोका।

## राजस्थान/ प्रादेशिक

# दूजोद में दो गाड़ियों में लगी आग : सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची सिविल डिफेन्स की टीम, शुरू किया बचाव कार्य

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

सीकर। धोद क्षेत्र के ग्राम दूजोद में शुक्रवार सुबह बड़ीपुरा रोड पर दो गाड़ियों में अचानक आग लग गई। आग लगने की सूचना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना जिला नियंत्रण कक्ष को सुबह 9:08 बजे मिली। सूचना मिलने के बाद अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं नागरिक सुरक्षा उप नियंत्रक (एसडीएम), सीकर के आदेश पर नागरिक सुरक्षा बचाव दल को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और तत्काल बचाव कार्य शुरू किया। बचाव दल ने तत्परता दिखाते हुए घटनास्थल पर आवश्यक कार्रवाई की और आग की स्थिति को नियंत्रित करने में सहयोग किया। टीम के समय पर पहुंचने से मौके पर राहत एवं बचाव कार्य शुरू हो सका। घटनास्थल पर बचाव कार्य में सिविल डिफेंस के विनोद गोदारा, प्रदीप कुमावत, राजेंद्र मुंड, कन्हैया लाल कुड़ी, संदीप कुमार, झाबर मल, मनरूप सिंह, विकास बगड़िया और हर्षित चलका ने सहयोग किया। नागरिक सुरक्षा दल के कर्मियों ने सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर तत्परता से कार्रवाई की और राहत एवं बचाव कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। घटना के बाद बड़ीपुरा रोड पर कुछ समय के लिए लोगों की आवाजाही प्रभावित रही। आग की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण भी मौके पर एकत्र हो गए। बचाव दल ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का आकलन किया और आग के फैलने की आशंका को देखते हुए आवश्यक सावधानियां बरतीं। टीम की तत्परता से मौके पर मौजूद लोगों को सुरक्षित रखने तथा स्थिति को नियंत्रित करने में मदद मिली। अचानक वाहनों में आग लगने से आसपास के लोगों में भी दहशत का माहौल बन गया। प्रारंभिक स्तर पर आग लगने के कारणों की स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। संबंधित विभाग की ओर से घटना के कारणों और आग से हुए नुकसान की जानकारी जुटाई जा रही है। वाहनों में आग लगने की सूचना के बाद स्थानीय स्तर पर भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता बरती गई। नागरिक सुरक्षा बचाव दल की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर निर्धारित प्रक्रिया के तहत राहत एवं बचाव कार्य किया। टीम के सदस्यों ने आपसी समन्वय के साथ स्थिति को संभाला और मौके पर आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया।



## मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने वेटिकन सिटी में पोप लियो XIV से की मुलाकात



**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। मुख्य सचिव एवं इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडमिनिस्ट्रेटिव साइंसेज (आईआईएएस) के अध्यक्ष वी. श्रीनिवास ने शुक्रवार को वेटिकन सिटी में पोप लियो XIV से मुलाकात की। इस अवसर पर आईआईएएस के 520 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने पोप लियो XIV के 'स्पेशल ब्लेसिंग' में भाग लिया। पोप ने राजस्थान और भारत के विकास एवं प्रगति के लिए आशीर्वाद और शुभकामनाएं दीं। श्रीनिवास ने इस मुलाकात को अत्यंत गौरवपूर्ण अनुभव बताते हुए मानवता की सेवा के पोप के वैश्विक प्रयास 'मैग्निफिका ह्यूमैनिटास' में आईआईएएस की सहभागिता को महत्वपूर्ण बताया। पोप लियो XIV ने आईआईएएस के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि डिजिटल तकनीक को आमजन की सेवा का माध्यम बनाने के लिए इसका मानवीकरण आवश्यक है। उन्होंने मानव कल्याण को शासन और तकनीकी विकास के केंद्र में रखने का आह्वान करते हुए कहा कि मानव परिवार की भलाई को निजी हितों के लिए बलिदान नहीं किया जाना चाहिए।

## भारत-स्वीडन विकसित भारत शिखर सम्मेलन में डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ हुए सम्मिलित

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

नई दिल्ली/उदयपुर। नई दिल्ली स्थित स्वीडन दूतावास में आयोजित भारत-स्वीडन विकसित भारत शिखर सम्मेलन-2026 में मेवाड़ के पूर्व राजघराने के डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ को भारतीय सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, सामाजिक नेतृत्व एवं राष्ट्र निर्माण में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए विशेष रुप से गरिमापूर्वक सम्मिलित करते हुए भव्य स्वागत किया। देश-विदेश से आए नीति-निर्माताओं, शिक्षाविदों, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों एवं विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में आयोजकों ने कहा कि डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने मेवाड़ की गौरवशाली परंपरा को आधुनिक नेतृत्व से जोड़ते हुए सांस्कृतिक संरक्षण और सामाजिक सेवा का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया है। उनके कार्य युवाओं में अपनी सभ्यतागत विरासत के प्रति गौरव, नैतिक मूल्यों तथा राष्ट्र निर्माण की भावना को सुदृढ़ करते रहे हैं।



## जीएसटी विभाग की बड़ी कार्रवाई, चार प्रतिष्ठानों में सामने आईं कर अनियमितताएं

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। राज्य में जीएसटी नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करने तथा कर अपवंचन एवं गलत तरीके से लिए गए इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा सर्वे एवं निरीक्षण की कार्रवाई लगातार तेज की जा रही है। इसी क्रम में विभागीय अधिकारियों द्वारा जयपुर, बाड़मेर एवं किशनगढ़ में विभिन्न प्रतिष्ठानों पर की गई कार्रवाई में जीएसटी से संबंधित महत्वपूर्ण अनियमितताएं सामने आई हैं। संबंधित करदाताओं द्वारा कार्रवाई के दौरान 1.16 करोड़ रुपए से अधिक की राशि स्वेच्छा से जमा एवं रिवर्स की गई है। जयपुर के जनता कॉलोनी स्थित महारानी ट्रैवल्स पर 20 अगस्त को निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान लेखा पुस्तकों, रिटर्न एवं अभिलेखों की जांच में 96,93,048 रुपए के IGST इनपुट टैक्स क्रेडिट से संबंधित अनियमितता सामने आई। विभाग द्वारा प्रकरण के प्रावधानों एवं परिणामों से अवगत कराए जाने के बाद करदाता ने उक्त राशि का रिवर्सल करते हुए 96,93,048 रुपए की राशि 26 अगस्त को स्वैच्छिक रूप से जमा की। कोई माल अथवा दस्तावेज जब्त नहीं किया गया।

## दौसा में राहुल मीणा ब्लाइंड मर्डर केस का सनसनीखेज खुलासा

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

दौसा। मण्डावर थाना पुलिस ने स्वतंत्रता दिवस के दिन सामने आए सनसनीखेज राहुल उर्फ भानू ब्लाइंड मर्डर केस का पर्दाफाश करते हुए 15-15 हजार रुपये के दो इनामी आरोपियों और एक महिला को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस टीम ने इस गुत्थी को सुलझाने के लिए लगभग 800 किलोमीटर का सफर तय किया और गोपनीय आसूचना व तकनीकी विश्लेषण के जरिए आरोपियों को बेनकाब किया।

15 अगस्त को मिला था शवः मृतक राहुल उर्फ भानू मीणा (30) पुत्र कृपाल मीणा (निवासी खेड़ा कल्याणपुर, थाना खेड़ली, जिला अलवर) का शव 15 अगस्त को खेड़ली कलां के जंगल में एक बाजरे के खेत में लावारिस हालत में बरामद हुआ था।

वारदात के बाद पुलिस को गुमराह करने और खुद का नाम छुपाने के लिए शव को करीब 3 किलोमीटर दूर चेतराम मीणा के घर के पास वाले बाजरे के खेत में फेंक दिया।

## बुजुर्ग दंपति की हत्या का मास्टरमाइंड निकला पड़ोसी, बेड के बॉक्स में छिपाया था शव

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। राजस्थान पुलिस ने सायरा पुलिस स्टेशन इलाके के पुनावाली गांव में एक बुजुर्ग दंपति की मौत से जुड़े हत्या के मामले को सुलझा लिया है। पुलिस के मुताबिक, यह अपराध दंपति को लूटने के इरादे से किया गया था। इस मामले का मास्टरमाइंड उनका पड़ोसी कुशल उर्फ खुशी पालीवाल था। पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक छठे संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने अपराध में इस्तेमाल की गई गाड़ी भी बरामद कर ली है। जिला पुलिस अधीक्षक अमृता दुहन के मुताबिक, मृतक लहरीलाल पालीवाल और उनकी पत्नी राधाबाई पुनावाली में रहते थे। 11 अगस्त की रात, गुजरात में रहने वाले उनके बेटे मनोहर लाल ने राधाबाई से फोन पर बात की थी। अगले दिन जब दंपति घर पर नहीं मिले, तो रिश्तेदारों और अन्य लोगों ने तलाश शुरू की। 14 अगस्त को उनके शव घर में रखे एक बक्से के भीतर मिले। पुलिस जांच से पता चला कि कुशल करीब डेढ़ साल से इस अपराध की योजना बना रहा था। पुलिस ने बताया कि उसने लोगों और बैंकों से कर्ज लिया था और उसे चुकाने में मुश्किल हो रही थी। आर्थिक तंगी से जूझते हुए, उसने दंपति को निशाना बनाने का फैसला किया। उसे पता था कि वे अक्सर अकेले रहते थे और घर पर गहने और नकदी रखते थे। 9 अगस्त को कुशल अपने साथियों चंदन यादव, विकास खरवाड़ और दिलीप चौधरी के साथ पुनावाली पहुंचा। बताया जाता है कि सबने दंपति के घर और आसपास के इलाके की रेकी की। इसके बाद, वे गोगुंदा से पनारियो मादरी की ओर गए। लौटते समय, वे गोगुंदा टोल प्लाजा के पास एक होटल में रुके, जहां पुलिस के मुताबिक उन्होंने अपनी योजना को अंतिम रूप दिया। 10 अगस्त को कुशल और चंदन फिर से लहरीलाल के घर गए।

# रक्षाबंधन पर एडवोकेट दिनेश कुमार ने दी शुभकामनाएं, बोले- रिश्तों के साथ सामाजिक सद्भाव को भी मजबूत करने का पर्व

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

घाटवा। रक्षाबंधन के पावन पर्व के अवसर पर ग्राम घाटवा निवासी एडवोकेट दिनेश कुमार ने समस्त ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने रक्षाबंधन को भाई-बहन के पवित्र प्रेम, विश्वास और सुरक्षा के संकल्प का पर्व बताते हुए सभी के सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। एडवोकेट दिनेश कुमार ने कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के स्नेह का पर्व ही नहीं, बल्कि यह हमें परिवार और समाज में प्रेम, सौहार्द, आपसी विश्वास एवं भाईचारे की भावना को मजबूत करने का संदेश भी देता है। उन्होंने कहा कि आज के समय में सामाजिक एकता और आपसी सद्भाव की भावना को और मजबूत करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि एक अधिवक्ता होने के नाते उनका सदैव प्रयास रहा है कि समाज में न्याय, समानता एवं लोगों के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़े। उन्होंने ग्रामीणों से आपसी मतभेदों को भुलाकर सामाजिक एकता और भाईचारे को प्राथमिकता देने की अपील की। एडवोकेट दिनेश कुमार ने कहा कि हमारा गांव आपसी एकता, सामाजिक सद्भाव और भाईचारे की मिसाल बने, यही हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने रक्षाबंधन के अवसर पर क्षेत्र के सभी भाई-बहनों को शुभकामनाएं देते हुए पर्व को प्रेम और उत्साह के साथ मनाने का संदेश दिया। रक्षाबंधन के अवसर पर एडवोकेट दिनेश कुमार ने कहा कि भारतीय संस्कृति में पर्व और त्योहार केवल उत्सव तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इनके माध्यम से समाज को एकजुट रखने वाले मूल्यों को भी मजबूती मिलती है। रक्षाबंधन भाई-बहन के रिश्ते में विश्वास और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करने के साथ परिवार के सदस्यों को एक-दूसरे के प्रति अपने दायित्वों का एहसास कराता है। उन्होंने युवाओं से भी सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने और गांव की एकता को बनाए रखने में योगदान देने का आह्वान किया। एडवोकेट दिनेश कुमार ने कहा कि किसी भी गांव की वास्तविक शक्ति वहां रहने वाले लोगों की एकजुटता में होती है। आपसी विवादों को बातचीत और समझदारी से सुलझाकर समाज में सौहार्द कायम किया जा सकता है।



## सीकर का एसबी मित्तल अस्पताल आरजीएचएस से निलंबित

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के पारदर्शी एवं जवाबदेह शासन के संकल्प तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशों के अनुरूप राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम (आरजीएचएस) में दावों की नियमित निगरानी और दस्तावेजों का सत्यापन किया जा रहा है।इसी क्रम में सीकर स्थित एस.बी. मित्तल मेमोरियल हार्ट एंड क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल को आरजीएचएस से निलंबित किया गया है। प्रमुख शासन सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री राठौड़ ने बताया कि आरजीएचएस में दावों की जांच और दस्तावेजों के सत्यापन की प्रक्रिया लगातार सुदृढ़ की जा रही है। आरजीएचएस परियोजना अधिकारी डॉ. निधि पटेल की टीम की निगरानी के दौरान संबंधित प्रकरण में कुछ दावे प्रथमदृष्टया संदिग्ध पाए गए। इसके बाद नियमानुसार कार्रवाई की गई।

## रक्षाबंधन से पहले दर्दनाक हादसा, जयपुर में गड्ढे में डूबने से भाई-बहन की मौत



**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर में गुरुवार को एक दर्दनाक हादसे ने पूरे परिवार को सदमे में डाल दिया। यहां एक निर्माणाधीन मकान की नींव के लिए खोदे गए गहरे गड्ढे में भरे बारिश के पानी में डूबने से 11 वर्षीय एक बच्ची और उसके 7 साल के भाई की मौत हो गई। घटना जयपुर के जयसिंहपुरा खोर थाना इलाके के सड़वा मोड़ स्थित दरियावाली गली की है। बताया जा रहा है कि 11 वर्षीय आलिया और उसका भाई मोहम्मद अयान (7) खेलने के लिए घर से निकले थे और जयसिंहपुरा खोर थाना क्षेत्र में अपने घर के पास स्थित निर्माणाधीन मकान पर पहुंच गए। पुलिस ने बताया कि बुधवार को जेसीबी की मदद से भूखंड पर कई गड्ढे खोदे गए थे। भारी बारिश के बाद इन गड्ढों में पानी भर गया था और खेलते समय दोनों बच्चे पानी से भरे एक गड्ढे में गिर गए। कुछ देर बाद वहां से गुजर रहे एक व्यक्ति ने बच्चों को देखा और शोर मचाया। हादसे के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। दोपहर करीब 2 बजे जब बच्चों के पिता लियाकत हुसैन काम पर जा रहे थे, तब उन्होंने वहां लोगों की भीड़ देखी। पानी में बच्चों की चप्पलें तैरती देख उन्होंने पड़ोसियों की मदद से दोनों बच्चों को बाहर निकाला। सूचना मिलते ही परिजन तुरंत घटनास्थल की तरफ दौड़े। परिजनों ने बच्चों को CPR देकर बचाने की कोशिश की और उन्हें अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। दोनों बच्चों के शवों का पोस्टमार्टम SMS अस्पताल में कराया गया और बाद में उन्हें परिजनों को सौंप दिया गया। पीड़ित परिवार मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बरेली का रहने वाला है। पिता लियाकत जयपुर में रहकर मजदूरी का काम करते हैं। 2 मासूम बच्चों की मौत के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पिता ने आरोप लगाया कि निर्माणाधीन मकान की नींव के गड्ढे में बार-बार पानी भर रहा था, इसके बावजूद इसे सुरक्षित करने या पानी निकालने के लिए कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया।

## पुष्कर के होटल स्पेरो के बेसमेंट से 1 करोड़ 8 लाख कैश बरामद, मालिक बंकेश के कमरे से मिली नकदी

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

अजमेर। अजमेर के पुष्कर से एक होटल में जांच के दौरान 1 करोड़ 8 लाख 79 हजार रुपये पुलिस ने बरामद किए। नगर निकाय चुनाव की आचार संहिता के तहत चलाए जा रहे जांच अभियान के दौरान पुष्कर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक होटल से यह संदिग्ध नकदी बरामद की है। यह राशि उपखंड कार्यालय (SDM Office) के सामने स्थित होटल स्पेरो के मालिक बांकेश सेन के कमरे से मिले है। पुलिस ने नकदी जब्त कर होटल मालिक को गिरफ्तार कर लिया है। पुष्कर थाना प्रभारी अशोक बिश्नु और सीओ ग्रामीण सत्येंद्र नेगी भारी पुलिस जाप्ते के साथ होटल पहुंचे। पुलिस टीम ने होटल का आकस्मिक निरीक्षण करते हुए अलग-अलग हिस्सों और कमरों की तलाशी ली। इस दौरान होटल मालिक बांकेश सेन के कमरे से बड़ी मात्रा में नकदी बरामद हुई। नोटों की संख्या ज्यादा होने के कारण पुलिस ने बैंककर्मियों को मौके पर बुलाया। बैंककर्मियों ने मशीन की सहायता से नोटों की गिनती की कई बार की। गणना के बाद बरामद नकदी की कुल राशि 1 करोड़ 8 लाख 79 हजार रुपये सामने आई। इतनी बड़ी रकम मिलने के बाद पुलिस ने होटल में आवाजाही रोकते हुए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी। बता दें कि नगर निकाय आम चुनाव 2026 को लेकर आचार संहिता लगी हुई है। इसी दौरान चलाए जा रहे जांच अभियान के तहत होटल का आकस्मिक निरीक्षण किया गया था। होटल में बेसमेंट सहित 2 मंजिला इमारत बनी हुई है जिसमें लगभग सात कमरे हैं। बेसमेंट में होटल मालिक बंकेश सेन रहता है। उसी के कमरे से संदिग्ध नकदी मिली। होटल मालिक से रकम के स्रोत, इसे होटल तक लाने के कारण और यह पैसा कहां भेजा जाना था, इसे लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने पूरी नकदी जब्त कर ली है और मामले की सूचना आयकर विभाग को दे दी गई है। आयकर विभाग भी रकम और इससे जुड़े वित्तीय लेन-देन की जांच कर सकता है। फिलहाल पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि बरामद राशि का नगर निकाय चुनाव से कोई संबंध है या नहीं। फिलहाल नकदी के और उसके संभावित इस्तेमाल का खुलासा नहीं हुआ है। दस्तावेजों की जांच पूरी होने के बाद ही मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।



## सांवलिया सेठ के खजाने में आए ₹35.66 करोड़, पिछली बार से 30KG चांदी ज्यादा आई

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

चित्तौड़गढ़। राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के प्रसिद्ध श्री सांवलिया सेठ मंदिर में श्रावण मास के दौरान श्रद्धालुओं की ओर से चढ़ाए गए दान की भंडार गणना पूरी हो गई है। इस बार मंदिर को भंडार और भेंटकक्ष से अथाह धन राशि के साथ-साथ 133 किलो से ज्यादा चांदी और 1.38 किलो से ज्यादा सोना प्राप्त हुआ है। श्री सांवलिया सेठ मंदिर मंडल के अध्यक्ष हजारी दास वैष्णव ने बताया कि 11 अगस्त 2026 को शुरू हुई भंडार दानपेटी की गणना के छठे चरण के साथ आज समापन हुआ। श्रावण मास में भगवान सांवलिया सेठ के दरबार में श्रद्धालुओं की आस्था इस कदर उमड़ी कि दानराशि के साथ बड़ी मात्रा में सोना-चांदी भी प्राप्त हुआ है। इसे श्रद्धालुओं की आस्था की सोने-चांदी की बरसात के रूप में देखा जा रहा है। भंडार गणना और अन्य माध्यमों से प्राप्त राशि को मिलाकर मंदिर को कुल 35 करोड़ 66 लाख 64 हजार 428 रुपये की राशि प्राप्त हुई है। इसके अलावा मनीऑर्डर, ऑनलाइन माध्यम और भेंट के जरिए मंदिर को 7 करोड़ 77 लाख 10 हजार 81 रुपये प्राप्त हुए हैं।



## मनोरंजन समाचार

## रक्षाबंधन पर सेलिना जेटली हुईं भावुक, भाई विक्रांत की गैरमौजूदगी पर छलका दर्द



बॉलीवुड एक्ट्रेस सेलिना जेटली ने रक्षाबंधन 2026 के मौके पर अपने भाई मेजर विक्रांत कुमार जेटली के लिए एक इमोशनल नोट लिखा। एक्ट्रेस ने अपने भाई से दूर रहने के दर्द के बारे में बात की और बचपन की यादों, उनके रिश्ते और माता-पिता की मौत के बाद साथ मिलकर झेले मुश्किल समय को याद किया। कुछ वक्त पहले एक्ट्रेस ने बताया था कि पिछले 1 साल से ज्यादा समय से उनके भाई यूएई की जेल में बंद हैं और उन्होंने रिहाई के लिए दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। एक इमोशनल मैसेज शेयर करते हुए सेलिना ने बताया कि उन्होंने 2024 से अपने भाई की आवाज नहीं सुनी है, न उन्हें देखा है और न ही उनसे मिली हैं। मेजर विक्रांत को यूनाइटेड अरब एमिरेट्स में हिरासत में रखा गया है। सेलिना ने लिखा, 'जब से मेरे भाई मेजर विक्रांत कुमार जेटली के बारे में खबर मुझे पहली बार 30 सितंबर 2024 को मिली तब से मैं खुद के सबसे दुखी रूप से ही मिली हूं।' 2001 की मिस इंडिया सेलिना ने आगे कहा कि जो कुछ भी कहा गया है। उसके बावजूद एक बहन के तौर पर उन्होंने जो कुछ भी मुमकिन था, वह सब किया है। उन्होंने लिखा, 'वही मेरे सब कुछ हैं। मेरे बेटों के अलावा वही मेरा परिवार हैं। मैं उनके साथ खड़ी हूं।' अपने भाई को अपनी जिंदगी का पहला प्यार बताते हुए, सेलिना ने एक स्पेशल फोर्स ऑफिसर के तौर पर देश के लिए उनकी हिम्मत, मजबूती और सेवा की तारीफ की। उन्होंने यह भी बताया कि उन्हें उन दोनों के साथ बिताए छोटे-छोटे पल कितनी शिद्दत से याद आते हैं।

## ऋतिक रोशन के बेटे ऋहान ने म्यूजिक की दुनिया में रखा कदम, परिवार ने बढ़ाया हौसला



ऋतिक रोशन के 18 साल के बेटे ऋहान रोशन ने एक इंडिपेंडेंट आर्टिस्ट के तौर पर म्यूजिक की दुनिया में अपना डेब्यू किया है। उनका पहला गाना 'दिस हेवनली प्लेस' शुक्रवार, 28 अगस्त 2026 को रिलीज हो चुका है। इस गाने में ऋहान ने सिंगर-सॉन्गराइटर और गिटारिस्ट की भूमिका निभाई है। फिल्ममेकर राकेश रोशन समेत उनके परिवार वाले और दोस्तों ने ऋहान की तारीफ करते हुए, उनका सपोर्ट किया।

राकेश रोशन के पोते अब अपने पहले एल्बम लॉन्च की वजह से लाइमलाइट में बने हुए हैं। गाने के म्यूजिक वीडियो में ऋहान रोशन ब्लैक-एंड-व्हाइट अकूस्टिक सेटअप में गाना गाते और गिटार बजाते हुए नजर आ रहे हैं। उनका यह डेब्यू एक कलाकार के रूप में उनके नए और शानदार म्यूजिकल सफर की शुरुआत हो सकता है। इस बीच, ऋतिक रोशन ने गाने का एक वीडियो शेयर किया और अपने बेटे को सपोर्ट किया। उन्होंने लिखा, 'रे, तुम जन्म से ही एक समझदार हो, मुझे आप पर भरोसा है, जो मुझे निडर बनाता है।' स्टार किड ऋहान की मां सुजैन खान ने भी इस खास मौके का जश्न मनाया और अपने बेटे पर खूब प्यार बरसाया। अपनी खुशी जाहिर करते हुए उन्होंने लिखा, 'बहुत भावुक हूं, तुमसे बहुत ज्यादा प्यार करती हूं।' ऋतिक की गर्लफ्रेंड सबा आजाद, जो एक एक्टर और सिंगर हैं। उन्होंने भी ऋहान को इस रिलीज के लिए बधाई दी। उन्होंने लिखा, 'बहुत ही खूबसूरत रे', तुम पर बहुत गर्व है।' ऋहान के दादा राकेश रोशन ने भी कमेंट करके उनका हौसला बढ़ाया। साथ ही एक पोस्ट भी शेयर किया है। म्यूजिक की दुनिया में ऋहान का कदम उनके परिवार के संगीत से पुराने जुड़ाव को आगे बढ़ाता है। बता दें कि उनके परदादा रोशन लाल नागरथ एक भारतीय एसराज वादक और मशहूर म्यूजिक डायरेक्टर थे। हाल ही में उन्हें 'वॉर 2' में देखा गया था।

## रक्षाबंधन पर कंगना रनौत ने भाई पर लुटाया प्यार, रिद्धिमा ने रणबीर संग शेयर की रेयर फोटो



पूरे बॉलीवुड में रक्षाबंधन का जश्न जोरों पर है और कई सेलेब्रिटीज सोशल मीडिया पर अपने भाई-बहनों के साथ बिताए खास पलों की झलकियां शेयर कर रहे हैं। कंगना रनौत ने भाई के साथ त्योहार मनाया। वहीं रिद्धिमा कपूर साहनी और प्रिया दत्त ने पुरानी यादें ताजा कीं। बॉलीवुड सितारों ने इमोशनल पोस्ट शेयर कर इस खास मौके को सेलिब्रेट किया और सिबलिंग के साथ रक्षाबंधन का जश्न मनाया। अपने मैसेज में कंगना ने लिखा, 'मेरे प्यारे भाई, मैं ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि प्यार का यह बंधन, जो मैंने तुम्हारे हाथ पर बांधा है, वह हमेशा तुम्हारी रक्षा करें। तुम हमारे माता-पिता की सेवा करो। कुल की गरिमा बढ़ाओ।

# सलमान खान ने बहन अलवीरा के घर मनाया रक्षाबंधन, बाहर आते ही हाथ में बंधी राखियां की फ्लॉन्ट



बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने लाइमलाइट से दूर रहकर परिवार के साथ रक्षाबंधन मनाया। त्योहार के बाद उन्हें अपनी बहनों के साथ बाहर निकलते देखा गया। माथे पर टीका और हाथ में राखी पहने हुए उनकी यह झलक फैंस के लिए कुछ अलग थी। वे एकदम रिलैक्स्ड मूड में दिखे। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में भाईजान राखियां फ्लॉन्ट करते हुए दिख रहे हैं। इस खास मौके पर एक्टर को पैपराजी के सामने पोज देते हुए भी देखा गया। सलमान खान का राखी लुक भी लोगों को बहुत पसंद आ रहा है। अपनी बहनों के साथ समय बिताने के बाद निकलते हुए एक्टर सलमान खान की तस्वीरें ली गईं और जाहिर है कि पैपराजी ने तुरंत इस पल को कैमरे में कैद कर होगा। सलमान न सिर्फ बॉलीवुड के भाईजान हैं, बल्कि अपने भाई-बहनों के भी प्यारे भाई हैं। सलमान खान अपनी बहनों अलवीरा खान अग्निहोत्री और अर्पिता खान शर्मा के साथ बहुत ही खूबसूरत रिश्ता शेयर करते हैं। उन्होंने यह खास दिन अपने परिवार के साथ बिताया। हालांकि, अभी तक सेलिब्रेशन की ज्यादा तस्वीरें-वीडियो सामने नहीं आई हैं, लेकिन बाद में फैंस को सुपरस्टार की झलक देखने को मिली, जिसने उनका दिन बना दिया। रक्षाबंधन 2026 के खास मौके पर बहन अलवीरा के घर निकलते वक्त सलमान खान मैरून कलर की टी-शर्ट, ब्लू जींस और स्टाइलिश काउबॉय हैट पहने नजर आए। उनके सिग्नेचर लुक ने एक बार फिर सबका ध्यान खींचा और फैंस उनके स्टाइल की तारीफ कर रहे हैं। काम की बात करें तो सलमान खान 'बिग बॉस 20' होस्ट करते दिखाई देने वाले हैं और हाल ही में उन्हें फिल्म '7 डॉग्स' में देखा गया था। उनके काम की वजह से वे हमेशा लोगों की नजर में रहते हैं और उनसे जुड़ी हर खबर पर नजर रखते हैं। वे 'कॉफी विद करण' के नए सीजन में गेस्ट के तौर पर भी नजर आने वाले हैं। इसके अलावा फैंस को सुपरस्टार की अपकमिंग फिल्म 'मातृभूमि' और वामशी पेड्डीपल्ली द्वारा निर्देशित एक्शन थ्रिलर 'SVC 63' की रिलीज का भी इंतजार है। रक्षाबंधन के मौके पर सलमान खान का यह सादगी भरा अंदाज उनके प्रशंसकों को खासा पसंद आया। आमतौर पर बड़े आयोजनों और सार्वजनिक कार्यक्रमों में अपने अलग अंदाज के लिए पहचाने जाने वाले अभिनेता इस बार परिवार के साथ निजी समय बिताते नजर आए। माथे पर लगा टीका और कलाई पर सजी राखियां उनके पारंपरिक रूप को और खास बना रही थीं। बहनों के साथ उनका रिश्ता हमेशा से ही सुर्खियों में रहा है। सलमान खान कई मौकों पर अपने परिवार के प्रति लगाव जाहिर कर चुके हैं और रक्षाबंधन जैसे पारिवारिक त्योहारों को भी पूरे उत्साह के साथ मनाते हैं। इस बार भी उन्होंने त्योहार की खुशियां परिवार के साथ साझा कीं। बहनों के साथ उनका रिश्ता हमेशा से ही सुर्खियों में रहा है। सलमान खान कई मौकों पर अपने परिवार के प्रति लगाव जाहिर कर चुके हैं और रक्षाबंधन जैसे पारिवारिक त्योहारों को भी पूरे उत्साह के साथ मनाते हैं।

# कभी आईएफएस अफसर बनना चाहते थे अमिताभ बच्चन, दो नंबर से पास होने का सुनाया था किस्सा



अमिताभ बच्चन को आज बॉलीवुड के सबसे बड़े सितारों में गिना जाता है। दशकों से उन्होंने अपनी एक्टिंग और दमदार आवाज से लोगों के दिलों में खास जगह बनाई है। हालांकि इस मुकाम तक पहुंचने से पहले उनकी जिंदगी में भी ऐसे कई पड़ाव आए, जब उन्हें अपने करियर को लेकर अलग-अलग रास्तों के बारे में सोचना पड़ा था। 'कौन बनेगा करोड़पति' के सीजन 18 में अमिताभ ने अपने पुराने दिनों को याद करते हुए पढ़ाई से जुड़ा एक मजेदार किस्सा सुनाया। इसी बातचीत में उन्होंने बताया कि एक समय उनके मन में भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) में जाने का ख्याल आया था। हालांकि, यह सपना ज्यादा आगे नहीं बढ़ सका। शो में अमिताभ बच्चन कंटेस्टेंट प्रगति कल्पेकर से बात कर रहे थे। प्रगति ने अपने भविष्य के बारे में बताया कि वह आगे की पढ़ाई जारी रखना चाहती हैं और भारतीय विदेश सेवा में अधिकारी बनना उनका सपना है। प्रगति ने बिग बी से कहा, ''मैं आईएफएस बनना चाहती हूं क्योंकि इस नौकरी में मुझे देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा।'' उन्होंने अमिताभ को बताया कि राजनयिकों को मैरून रंग का पासपोर्ट मिलता है और उस पर राजनयिक लिखा होता है। प्रगति की बात सुनकर अमिताभ को अपने कॉलेज के दिन याद आ गए और उन्होंने अपनी जिंदगी से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा सुनाया। अमिताभ ने कहा, ''मेरे पिता हरिवंश राय बच्चन चाहते थे कि मैं अपनी ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी करूं। वह मुझे अक्सर समझाते थे कि जिंदगी में ग्रेजुएशन करना बहुत जरूरी है। मैंने साइंस सब्जेक्ट लिया था लेकिन कॉलेज में पहुंचने के बाद मुझे समझ आ गया कि यह सब्जेक्ट उनके लिए आसान नहीं होने वाला। पहले ही लेक्चर में मुझे ऐसा लगा जैसे स्कूल में दस साल में पढ़ी गई सारी चीजें एक साथ पढ़ाई जा रही हैं। मुझे लगा कि शायद मैंने साइंस लेकर गलती कर दी।'' अमिताभ ने कहा, "पढ़ाई में मुश्किल के कारण मैं एग्जाम में फेल भी हो गया था। हालांकि बाद में 'अलाउड टू कीप टर्म' के जरिए मैं सिर्फ दो नंबर से पास हुआ।" इसके बाद अमिताभ ने अपने पुराने सपने का जिक्र किया। उन्होंने कहा, ''एक समय मेरे मन में आईएफएस में जाने का विचार आया था। मैंने भी सिविल सर्विस का एग्जाम देने और भारतीय विदेश सेवा में करियर बनाने के बारे में सोचा था। हालांकि, उस समय मुझे आईएफएस के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं थी। मुझे इसका 'आई' तक नहीं आता था। इसलिए मैंने इस विचार को छोड़ दिया।'' अमिताभ बच्चन का यह किस्सा सुनकर कार्यक्रम में मौजूद लोग भी मुस्कुराते नजर आए। जिस अभिनेता को आज उनकी अभिनय प्रतिभा, प्रभावशाली आवाज और लंबे करियर के लिए जाना जाता है, उन्होंने अपने छात्र जीवन की कठिनाइयों को बेहद सहज अंदाज में साझा किया। उन्होंने बताया कि कॉलेज के शुरुआती दिनों में विज्ञान विषय उनके लिए काफी चुनौतीपूर्ण साबित हुआ और पढ़ाई को लेकर उन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ा। अमिताभ ने अपने पिता हरिवंश राय बच्चन की उस सलाह को भी याद किया, जिसमें वे उन्हें स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के लिए प्रेरित करते थे। उन्होंने बताया कि पिता के लिए शिक्षा जीवन का महत्वपूर्ण आधार थी और इसी वजह से वे चाहते थे कि अमिताभ अपनी पढ़ाई पूरी करें। हालांकि विज्ञान विषय में कठिनाई आने के बाद उनका पढ़ाई के प्रति आत्मविश्वास कुछ समय के लिए प्रभावित हुआ। भारतीय विदेश सेवा में जाने का विचार भी उनके जीवन के उन संभावित रास्तों में शामिल था, जिन्हें उन्होंने कभी अपने भविष्य के लिए सोचा था। हालांकि, उस समय इस सेवा के बारे में पर्याप्त जानकारी नहीं होने के कारण यह विचार आगे नहीं बढ़ सका। अमिताभ का यह खुलासा इस बात को भी दर्शाता है कि जीवन में आगे बढ़ते हुए कई बार व्यक्ति अलग-अलग करियर विकल्पों पर विचार करता है, लेकिन परिस्थितियां और रुचियां उसे किसी दूसरे रास्ते पर ले जाती हैं। कार्यक्रम में प्रगति कल्पेकर ने जब भारतीय विदेश सेवा में जाने की अपनी इच्छा साझा की, तो अमिताभ ने अपने पुराने दिनों को याद किया। प्रगति का सपना देश का प्रतिनिधित्व करने और विदेशों में भारत की आवाज बनने से जुड़ा है। उनकी बात ने अमिताभ को अपने उस दौर में पहुंचा दिया, जब उन्होंने भी प्रशासनिक सेवा में जाने के बारे में सोचा था। आज उनका नाम भारतीय सिनेमा के इतिहास के सबसे प्रभावशाली कलाकारों में लिया जाता है।

## कृति सेनन ने नूपुर संग मनाया रक्षाबंधन, ट्रोल्स पर कसा तंज, इंस्टाग्राम पोस्ट कैप्शन ने खींचा ध्यान



कुछ दिन पहले एक्ट्रेस कृति सेनन एक ज्वेलरी ब्रांड के विज्ञापन में पहने अपने आउटफिट की वजह से चर्चा में आ गई थीं। राखी मनाते समय उन्हें ब्रालेट टॉप पहने देखा गया था। सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस और ब्रांड की आलोचना हुई और बाद में विज्ञापन हटा दिया गया। अब शुक्रवार, 28 अगस्त 2026 को कृति ने इंस्टाग्राम पर अपनी बहन नूपुर सेनन के साथ रक्षाबंधन सेलिब्रेशन की एक तस्वीर शेयर की और ट्रोल करने वालों पर तंज कसा है। इस पोस्ट के जरिए कृति ने अपनी बहन के साथ खूबसूरत बॉन्डिंग दिखाई और साथ ही अपने फेस्टिव ज्वेलरी कैंपेन को लेकर हुए विवाद का भी इशारों में जिक्र किया। कृति सेनन ने अपनी बहन नूपुर का हाथ पकड़े हुए एक तस्वीर शेयर की और लिखा, 'भले ही राखी फैशन कमिटी अभी भी चर्चा कर रही है, लेकिन हम उस चीज पर ध्यान दे रहे हैं जो असल में मायने रखती है। सभी को राखी की बधाई।' उस विवाद पर फिर से बात करने के बजाय कृति ने त्योहार की भावनाओं और उसके महत्व पर ध्यान देने की बात भी कही। काम की बात करें तो एक्ट्रेस कृति आखिरी बार 'कॉकटेल 2' में नजर आई थीं। हालांकि, फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक प्रदर्शन नहीं किया, लेकिन क्रिटिक्स और दर्शकों से इसे मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली।

## पेरिस में बुखार से जूझ रहीं प्रीति जिंटा को मिला फेवरेट कढ़ी-चावल, देसी खाना देख हुईं खुश, बोलीं- 'दिन बना दिया'



प्रीति जिंटा ने हाल ही में एक दिल छू लेने वाली बात शेयर की है, जिससे उन्हें पेरिस में बीमार होने के दौरान काफी राहत मिली। इंस्टाग्राम पर 'बंटवारा 1947' एक्ट्रेस ने बताया कि उन्हें बुखार था और वह ठीक महसूस नहीं कर रही थीं। उनकी एक दोस्त ने उनकी हालत के बारे में अपनी पड़ोसी को बताया, जिन्होंने प्रीति जिंटा के लिए उनका पसंदीदा खाना कढ़ी-चावल बनाया और उन्हें खुश करने की कोशिश की। आभार जताते हुए, प्रीति जिंटा ने पेरिस में रहने वाले उस परिवार की तारीफ की जिसे उन्होंने सबसे प्यारे और दयालु परिवार के तौर पर बताया। प्रीति ने कहा कि इस नेक काम ने न सिर्फ मुश्किल दिन में उनका हौसला बढ़ाया, बल्कि उन पर एक गहरी छाप भी छोड़ी। अपना वीडियो शेयर करते हुए प्रीति जिंटा ने लिखा, 'पेरिस में रहने वाले सबसे प्यारे और दयालु परिवार को बहुत-बहुत धन्यवाद। मुझे बुखार था और मैं बिल्कुल भी ठीक महसूस नहीं कर रही थी। मेरी दोस्त ने अपनी पड़ोसी को यह बात बताई और वाह! उन्होंने मेरा मूड ठीक करने के लिए मुझे मेरे पसंदीदा कढ़ी-चावल भेजे। दया और अपनापन दिखाने वाले इस छोटे से काम ने न सिर्फ मेरा दिन बना दिया, बल्कि यह हमेशा मेरे साथ रहेगा। पंजाबी मेहमाननवाजी सबसे अच्छी क्यों मानी जाती है, इसकी एक वजह है। अगर आप पेरिस में हैं तो इन चीजों को जरूर आजमाएं और बाद में मेरा शुक्रिया अदा करें। टिंग।'

वीडियो में प्रीति जिंटा एक डिब्बा खोलती हुई दिख रही हैं, जिसमें आलू-गोभी की सब्जी है और उसके बाद एक टिफिन है, जिसमें उनकी पसंदीदा कढ़ी-चावल है। इस प्यारे से जेस्चर पर उन्होंने कहा, 'ओह माय गॉड, कढ़ी-चावल! यह बहुत प्यारा है। मुझे यह बहुत पसंद आया, जब आप बीमार होते हैं तो आप बस आरामदायक खाना चाहते हैं। धन्यवाद।' कुछ दिन पहले प्रीति जिंटा ने सावन के आखिरी सोमवार को पेरिस के गणपति मंदिर के दर्शन किए और सोशल मीडिया पर अपनी इस आध्यात्मिक यात्रा की झलकियां शेयर कीं। एक वीडियो में 'मिशन कश्मीर' की एक्ट्रेस ने मंदिर की अपनी यात्रा को दिखाया, जहां उन्हें प्रार्थना करते दीये जलाते और आशीर्वाद लेते हुए देखा गया।

## सार समाचार

### ट्रंप ने 'लेक ओंटारियो' का नाम बदलकर 'लेक अमेरिका' करने का आदेश दिया



वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संघीय सरकार को 'लेक ओंटारियो' का नाम बदलकर 'लेक अमेरिका' करने का आदेश दिया है। उन्होंने इसके पीछे झील के आर्थिक महत्व और ग्रेट लेक्स की सुरक्षा में अमेरिका की प्रमुख भूमिका का हवाला दिया। जारी किए गए एक्जीक्यूटिव आदेश में अमेरिकी आंतरिक मामलों के मंत्री को निर्देश दिया गया है कि वे 'फेडरल बोर्ड ऑन ज्योग्राफिक नेम्स' के साथ मिलकर 30 दिनों के भीतर नाम बदलने की प्रक्रिया पूरी करें। यह आदेश केवल अमेरिकी संघीय सरकार की ओर से इस्तेमाल किए जाने वाले नामों पर लागू होगा।

लेक ओंटारियो अमेरिका और कनाडा दोनों के बीच साझा झील है और दोनों देशों की सीमा इसी झील के बीच से गुजरती है। आदेश में ट्रंप ने कहा, "संयुक्त राज्य अमेरिका ग्रेट लेक्स का सबसे बड़ा संरक्षक है, जिसमें वह जल क्षेत्र भी शामिल है जिसे फिलहाल 'लेक ओंटारियो' कहा जाता है।" उन्होंने कहा, "अगर अमेरिका सुरक्षा और निवेश न करता, तो यह मीठे पानी की प्रणाली आज की तरह शिपिंग, मनोरंजन और जिम्मेदार उपयोग के लिए इतनी खुली नहीं होती।" ट्रंप ने दावा किया कि ग्रेट लेक्स क्षेत्र में चलने वाले 11 आइस-ब्रेकिंग जहाजों में से 9 अमेरिकी तटरक्षक बल (कोस्ट गार्ड) संचालित करता है और व्यापारिक जहाजों के मार्गों को बिना किसी शुल्क के खुला रखता है। ट्रंप ने कहा कि झील के सबसे गहरे हिस्से अमेरिकी क्षेत्र में स्थित हैं और दावा किया कि झील के अधिकांश जल भंडार पर अमेरिका का अधिकार है।

### अमेरिका में 'बर्थ टूरिज्म' पर कांग्रेस की जांच, चीन-रूस से आने वाली महिलाओं पर राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला



वाशिंगटन। अमेरिका में विदेशी महिलाओं को मातृत्व सेवाएं बेचने वाले 'बर्थ टूरिज्म' बिजनेस की अब कांग्रेस जांच करेगी। इसके पीछे राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर चिंताओं का हवाला दिया गया है, खासकर चीन और रूस से आने वाले यात्रियों को लेकर। इस मामले में फ्लोरिडा की एक कंपनी के अधिकारी को समन भी जारी किया गया है। टेक्सास से रिपब्लिकन कांग्रेसमैन ब्रैंडन गिल ने घोषणा की कि उनके नेतृत्व वाली हाउस ओवरसाइट कमेटी की टास्क फोर्स 1 सितंबर को 'अमेरिकी नागरिकता की रक्षाः बर्थ टूरिज्म का सामना' नाम से सुनवाई करेगी। इस सुनवाई में अमेरिका में 'बर्थ-टूरिज्म' की व्यवस्थाओं और विदेशों में रहने वाली गर्भवती महिलाओं के लिए खास तौर पर 'मैटर्निटी पैकेज' का प्रचार करने वाली कंपनियों के चलन की जांच की जाएगी।

### 'ममदानी की बातों में कुछ सच्चाई', सैम पित्रोदा ने आरएसएस पर टिप्पणी का किया समर्थन




न्यूयॉर्क। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सैम पित्रोदा ने न्यूयॉर्क सिटी के मेयर जोहरान ममदानी की ओर से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर की गई आलोचना का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि ममदानी की बातों में 'कुछ सच्चाई' है और यह भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों की स्थिति को लेकर उठने वाली चिंताओं को दर्शाती है। हालांकि, पित्रोदा ने यह भी माना कि आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत का न्यूयॉर्क में आयोजित कार्यक्रम एक निजी आयोजन था और हर संगठन को ऐसा कार्यक्रम करने का अधिकार है।

आईएएनएस को दिए एक विशेष साक्षात्कार में पित्रोदा ने कहा, "मैं जानता हूं कि न्यूयॉर्क के मेयर ने अपने विचार व्यक्त किए हैं, लेकिन वह एक निजी कार्यक्रम था। हर किसी को अपना निजी कार्यक्रम आयोजित करने का अधिकार है। इसमें कोई समस्या नहीं है।" जब उनसे विशेष रूप से पूछा गया कि क्या वह आरएसएस के बारे में ममदानी की राय से सहमत हैं, तो पित्रोदा ने कहा कि वह मेयर के व्यक्तिगत विचार हैं। इसके बाद उन्होंने भारत के बारे में अपनी सोच साझा की।

उन्होंने कहा, "मेरा मानना है कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है। मैं ऐसे भारत में विश्वास करता हूं जहां धर्म, जाति, भाषा या राज्य के आधार पर कोई भेदभाव न हो।" उन्होंने कहा, "मैं उस भारत में विश्वास करता हूं, जिसकी कल्पना हमारे संस्थापक नेताओं ने की थी। मैं समान अधिकारों, सत्य, विश्वास, प्रेम और न्याय में भरोसा करता हूं, न कि नफरत में।"

# नेपाल आपदा में अब तक 580 लोगों की मौत, हजार से ज्यादा लोग अब भी लापता





नेपाल में आई आपदा के बाद राहत और बचाव का काम जारी है। नेपाल सरकार ने इस प्राकृतिक आपदा में अब तक 580 लोगों की मौत की पुष्टि कर दी है, जबकि 1000 ज्यादा लोग अभी भी लापता हैं। अभी मौत का आंकड़ा और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है, क्योंकि नेपाल की आर्मी और पुलिस ने बड़े पैमाने पर चल रहे रिलीफ एंड रेस्क्यू ऑपरेशन को फिलहाल सस्पेंड कर दिया है। ऐसे इसलिए क्योंकि रसुवा और नुवाकोट जिले में फिर से खतरा मंडरा रहा है। तिब्बत के जिस इलाके में ग्लेशियर टूटने से नेपाल में तबाही आई थी, उसी के पास अब एक और झील बन रही है। 2 दिन पहले गिरोंग में जो झील फटी थी, उसके मलबे से दोभान इलाके में भी नदी का रास्ता रुक गया है। ये झील छोचेन और पुरेपु सांगपो नदी के संगम के पास बनी है। यहां झील बनने से पानी का लेवल बढ़ रहा है। नदी के रास्ते में हजारों टन मलबा आ गया है, जिससे पानी ब्लॉक हो गया और आर्टिफिशियल झील बनने लगी है। दोभान में छोचेन और पुरेपु सांगपो नदी के संगम पर जो झील बन रही है, अगर उसकी Ex-act लोकेशन की बात करें तो वो गिरोंग से 6 किलोमीटर दूर है और नीचे की साइड पर है।

डाउन स्ट्रीम की तरफ पानी का जो नैचुरल फ्लो होता है, वहीं पर मलबे की वजह से ये आर्टिफिशियल लेक बनी है। खतरा इसलिए भी बढ़ रहा है, क्योंकि चीन में शुक्रवार को फिर भूकंप आया। रिक्टर स्केल पर आज भूकंप की तीव्रता 5.1 मापी गई, जबकि 26 अगस्त को 5.2 तीव्रता का भूकंप आया था। भूकंप को लेकर हिमालयन रीजन पहले से ही सेंसटिव जोन में है। जिस तरह भूकंप आ रहा है, उसे देखते हुए दोभान में बनी इस आर्टिफिशियल लेक के टूटने की आशंका बढ़ती जा रही है। इसी को देखते हुए नेपाल ने लार्ज स्केल पर चलाए जा रहे रेस्क्यू ऑपरेशन को कुछ हद तक स्थगित कर लोगों को सुरक्षित स्थान पर भेजना शुरू कर दिया है। लोगों को तुरंत सुरक्षित जगहों पर जाने को कहा गया है।

# नेपाल में अगले 3 दिनों में फिर आ सकती है तबाही? चीन ने दी चेतावनी, मृतकों की संख्या 469 पहुंची



नेपाल और चीन ने गुरुवार को हिमालय में फिर से बाढ़ आने के खतरे की चेतावनी दी। दोनों देशों की सीमा के दोनों ओर दो झीलें बन गई हैं, जिससे उनके फटने का डर पैदा हो गया है, जबकि यह इलाका इस हफ़्ते आई भयानक बाढ़ से उबरने की कोशिश कर रहा है। नेपाल की आपदा प्रबंधन एजेंसी ने बताया कि बाढ़ वाली जगह पर मलबे से नदी का रास्ता रुकने के कारण बनी झील का जलस्तर बढ़ रहा है और उसके फटने का खतरा है। आज की ताजा खबरों के मुताबिक इस प्राकृतिक आपदा में मृतकों की संख्या 469 तक पहुंच गई है। काठमांडू स्थित 'इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट' में जलवायु और पर्यावरण जोखिम विभाग के प्रमुख और जलवायु विशेषज्ञ कियांगगोंग झांग ने कहा कि नेपाल-चीन सीमा पर नदी के ऊपरी हिस्से में मलबे के कारण रुकावट का मतलब है कि दूसरी बाढ़ "कभी भी आ सकती है"।

नेपाल और तिब्बत में बचावकर्मी अभी भी जीवित बचे लोगों की तलाश कर रहे हैं। बुधवार को आई अचानक बाढ़ ने घरों को तबाह कर दिया, पुल बहा दिए और सड़कों को पानी में डुबो दिया। मरने वालों की संख्या बढ़कर 400 के करीब पहुंच गई है और 1,400 से ज़्यादा लोग अभी भी लापता हैं। नेपाल पुलिस ने पुष्टि की है कि नेपाल-तिब्बत सीमा के पास ग्लेशियर के टूटने और भूस्खलन के कारण आई भयानक अचानक बाढ़ और मलबे के भारी बहाव से मरने वालों की संख्या बढ़कर 389 हो गई है। इस हादसे में से कई विदेशी थे जो ट्रेकिंग, गाइडेड टूर या किसी पवित्र हिंदू स्थल की तीर्थयात्रा के लिए वहां गए थे। प्राधिकरण ने यह भी बताया कि अब तक 50 विदेशियों को हवाई मार्ग से बचाया गया है।

## बुढ़ापे के बावजूद नहीं छोड़ी थी राजगद्दी, किंग हाराल्ड का निधन; बेटे हाकोन बने नए राजा



ओस्लो। नॉर्वे के राजा हाराल्ड V का शुक्रवार को 89 साल की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन के साथ ही उनके बेटे क्राउन प्रिंस हाकोन ने देश की गद्दी संभाल ली और अब वह राजा हाकोन VIII के रूप में सत्तासीन हो गए हैं। हाराल्ड यूरोप के सबसे उम्रदराज शासक थे। नॉर्वे के शाही महल के मुताबिक, राजा हाराल्ड V ने शुक्रवार सुबह 6:35 बजे ओस्लो के नेशनल हॉस्पिटल में अंतिम सांस ली। नॉर्वे की सरकार ने भी उनके निधन की पुष्टि की है। हाराल्ड ने करीब 35 साल तक नॉर्वे के राजा के तौर पर काम किया। हाराल्ड ने राजशाही को आधुनिक बनाने की कोशिश की, लेकिन उम्र बढ़ने के बावजूद उन्होंने उन यूरोपीय राजाओं की तरह पद छोड़ने का फैसला नहीं किया, जिन्होंने हाल के वर्षों में गद्दी छोड़ी थी। नॉर्वे संवैधानिक राजशाही वाला देश है। यहां राजा की भूमिका मुख्य रूप से प्रतीकात्मक है, जबकि देश की वास्तविक राजनीतिक ताकत चुनी हुई संसद के पास है। करीब 55 लाख की आबादी वाले नॉर्वे में राजा को जनता के बीच काफी लोकप्रियता हासिल थी। हाराल्ड ने अपने पिता राजा ओलाव V के जनवरी 1991 में निधन के बाद गद्दी संभाली थी। उनके शासनकाल में नॉर्वे ने तेल और गैस से मिलने वाली आय के कारण आर्थिक समृद्धि का दौर देखा। नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गाहर स्टोरे ने राजा के निधन पर दुख जताते हुए कहा कि पूरा देश शोक में है और नॉर्वे की जनता राजा के लंबे समय तक देश की सेवा करने के लिए उनके प्रति गहरी कृतज्ञता महसूस कर रही है। राजा हाराल्ड का जन्म 1937 में ओस्लो के पास आस्कर में हुआ था। वह 1370 के बाद नॉर्वे में पैदा होने वाले पहले नॉर्वेजियन राजकुमार थे। जब द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नाजी जर्मनी ने नॉर्वे पर कब्जा किया, तब हाराल्ड सिर्फ 3 साल के थे। गिरफ्तारी से बचाने के लिए उनकी मां उन्हें और उनकी बहनों राग्नहिल्ड और एस्ट्रिड को पहले स्वीडन और फिर नाव से अमेरिका ले गईं। वहीं हाराल्ड के पिता और दादा नॉर्वे की सरकार के साथ ब्रिटेन चले गए और निर्वासन में रहे। जर्मनी के दबाव के आगे हार न मानने के कारण हाराल्ड के दादा हाकोन VII को नॉर्वे के लोगों का काफी सम्मान मिला। अमेरिका में रहने के दौरान नॉर्वे का शाही परिवार अक्सर व्हाइट हाउस में मेहमान बनकर जाता था। अपने पिता की तरह हाराल्ड को भी समुद्र और नौकायन से खास लगाव था। राजा हाराल्ड की निजी जिंदगी भी काफी चर्चित रही।

# कोरस इंटरनेशनल ने जताई चिंता, कहा- 2015 के बाद दूसरी सबसे बड़ी त्रासदी




नेपाल। नेपाल में आई भीषण बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है। इसे 2015 के भूकंप के बाद दूसरी सबसे बड़ी त्रासदी बताया जा रहा है। इस भीषण आपदा पर कोरस इंटरनेशनल की मानवीय मामलों की प्रमुख अधिकारी तमारा डेमुरिया ने चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि यह तबाही किसी भी मुमकिन संख्या से कहीं ज्यादा बड़ी है और कई परिवारों ने सब कुछ खो दिया है। उन्होंने मदद की अपील करते हुए कहा कि यह सबसे जरूरी समय है जब भारत, अमेरिका समेत अंतरराष्ट्रीय समुदाय को एकजुट होकर मदद के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रभावित इलाका वही है, जहां 2015 के भूकंप के बाद उनकी संस्था ने काम किया था, लेकिन अब वहां अंतरराष्ट्रीय संगठनों की मौजूदगी कम हो गई है।

उत्तर तक नदी किनारे का जायजा लेने के बाद उन्होंने कहा कि हालात बेहद चिंताजनक हैं, घर और सोलर पैनल तक पानी में बह गए हैं, आजीविकाएं खत्म हो गई हैं और फिलहाल हालात सामान्य होने के कोई आसार नहीं दिख रहे हैं। डेमुरिया ने कहा, "यह शायद 2015 के बाद से दूसरी सबसे बड़ी तबाही है। इसका असर किसी भी मुमकिन संख्या से कहीं ज्यादा है।

इस समय, जवाब देना और जिस भी तरह से हो सके, मदद करना, चाहे वे पड़ोसी देश हों, अंतरराष्ट्रीय समुदाय हो, या विदेश से सामान मंगाया जा रहा हो, इन समुदायों के लिए सबसे अच्छा यही है। कुछ परिवारों ने सब कुछ खो दिया है। इसलिए मुझे लगता है कि चाहे वह भारत हो, अमेरिका हो या कोई और देश या दान देने वाले, यह सबसे अच्छा समय है कि हम सब मिलकर लोगों के एक समुदाय के तौर पर जरूरतमंदों की मदद करें। यह सबसे जरूरी समय है।" प्रभावित इलाकों में बचाव कार्यों को लेकर तमारा डेमुरिया ने कहा, "ऐतिहासिक रूप से यह वह इलाका है जहां हमने 2015 के भूकंप के बाद कमजोर समुदायों के लिए प्रोग्राम चलाए और उन्हें समर्थन दिया था। हम बहुत चिंतित हैं क्योंकि हम भारी तबाही देख रहे हैं।

## सेना-पुलिस की टीमें लापता लोगों की तलाश में जुटीं: नेपाल पीएमओ

काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने गुरुवार को जानकारी कि रसुवा में भोटेकोशी नदी में आई भीषण बाढ़ के बाद सरकार ने सुबह से ही तटीय और प्रभावित इलाकों में खोज, बचाव और राहत अभियान तेज कर दिए हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने फेसबुक पोस्ट में लिखा, "बुधवार को रसुवा में भोटेकोशी नदी में आई भीषण बाढ़ के बाद सरकार ने आज सुबह से ही तटीय और प्रभावित इलाकों में खोज, बचाव और राहत अभियान तेज कर दिए हैं। नेपाली सेना ने बुधवार रात ही प्रभावित इलाकों में जरूरतमंद नागरिकों की मदद के लिए खाने-पीने की जरूरी चीजें, टेंट और दवाइयां जैसी राहत सामग्री पहुंचा दी थी।" पोस्ट में कहा गया, "सुरक्षा एजेंसियों के साथ-साथ प्राइवेट सेक्टर भी बचाव और खोज अभियानों में काफी मदद और सहयोग कर रहा है। बुधवार को जैसे ही बाढ़ आई, नेपाली सेना, नेपाल पुलिस और आर्म्ड पुलिस फोर्स की टीमों के साथ-साथ सेना और प्राइवेट सेक्टर के हेलीकॉप्टरों को लगाकर बचाव अभियान शुरू कर दिया गया। सेना की टीम ने पूरी रात लगातार बचाव अभियान चलाया।" प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि गुरुवार सुबह से ही तिमुरे, स्याफ्रुबेसी और नदी के किनारे वाले इलाकों में नेपाली सेना और प्राइवेट सेक्टर के हेलीकॉप्टरों के साथ-साथ पैदल टीमों को और अधिक सक्रिय करके फंसे हुए लोगों को बचाने और लापता लोगों की खोज का काम तेज कर दिया गया है। नेपाल में मची इस तबाही में अब तक 162 लोगों की मौत हो चुकी है।

# 'वो मेरे पिता को जान से मारना चाहते हैं...', इमरान खान के बेटों ने पाकिस्तान सरकार पर लगाए गंभीर आरोप



जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की सेहत को लेकर लगातार हंगामा मचा हुआ। इस मुद्दे पर पाकिस्तानी सरकार को लगातार आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच इमरान खान के बेटों सुलेमान और कासिम ने बड़ा दावा कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि पाकिस्तान की सरकार उनके पिता इमरान खान की जान लेना चाहती है। सुलेमान और कासिम ने एक इंटरव्यू में बताया है कि पाकिस्तान में इमरान खान को जान से मारने के लिए खुलेआम कोशिश की जा रही है। दरअसल, इमरान खान के बेटों सुलेमान और कासिम ने स्काई स्पोर्ट्स पर प्रसारित हुए एक इंटरव्यू में भाग लिया। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइक एथर्टन ने ये इंटरव्यू लिया था। आपको बता दें कि हाल ही में 21 दिग्गज 21 क्रिकेटरों ने पाकिस्तान की सरकार को एक पत्र लिखा था और इमरान खान को जरूरी मेडिकल सुविधा उपलब्ध कराने की अपील की थी। माइक एथर्टन भी पत्र लिखने वाले इन क्रिकेटरों में शामिल थे। इस इंटरव्यू में सुलेमान और कासिम ने पाकिस्तान सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इमरान खान के बेटे कासिम ने इंटरव्यू में पाकिस्तान सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा- "वे जो भी कर रहे हैं उससे साफ हो जाता है कि उन्हें खुले आम करने की कोशिश की जा रही है। वे चाहते हैं कि जितना संभव हो इमरान खान को जेल में रखा जाए। उन्हें (पाकिस्तान की सरकार) को भरोसा है कि वे उनकी आवाज दबा देंगे। हाल में जब हमारे रिश्तेदारों ने उनसे (इमरान खान) मुलाकात की थी तो उन्होंने कहा था कि हालात बेहद खराब हो गए हैं। अभी स्थिति पहले से भी बदतर है।

# कैरोलीन लेविट ने व्हाइट हाउस प्रेस सचिव पद छोड़ा, 19 महीने से अधिक समय तक ट्रंप की प्रमुख प्रवक्ता रहीं

वॉशिंगटन। कैरोलीन लेविट ने व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव के रूप में अपना कार्यकाल समाप्त कर दिया है। उन्होंने 19 महीने से अधिक समय तक राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुख्य सार्वजनिक प्रवक्ता के रूप में काम किया। व्हाइट हाउस ने घोषणा की कि गुरुवार उनका इस पद पर आखिरी दिन था, लेकिन उनके उत्तराधिकारी का नाम अभी घोषित नहीं किया गया है। लेविट व्हाइट हाउस की 36वीं प्रेस सचिव थीं। ट्रंप के दूसरे कार्यकाल की शुरुआत में जब उन्होंने यह पद संभाला, तब वह इस भूमिका में आने वाली सबसे कम उम्र की महिला बन गई थीं। व्हाइट हाउस ने राष्ट्रपति और उनकी 'अमेरिका फर्स्ट' नीतियों का मजबूती से बचाव करने के लिए लेविट की सराहना की। प्रशासन ने कहा कि उनका कार्यकाल नेतृत्व, स्पष्टता और आत्मविश्वास से भरा रहा।

आधिकारिक घोषणा के अनुसार, ट्रंप ने लेविट को 'व्हाइट हाउस के इतिहास की सबसे बेहतरीन प्रेस सचिवों में से एक' बताया। टेलीविजन पर होने वाली प्रेस ब्रीफिंग और समाचार कार्यक्रमों में लगातार दिखाई देने के कारण लेविट ट्रंप प्रशासन के सबसे चर्चित चेहरों में से एक बन गई थीं।

व्हाइट हाउस ने यह श्रेय भी लेविट को दिया कि उन्होंने प्रेस ब्रीफिंग में पॉडकास्ट, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और अन्य नए मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधियों को भी शामिल होने का मौका दिया। इस बदलाव के कारण जेम्स एस. ब्रैडी प्रेस ब्रीफिंग रूम में बैठने की व्यवस्था और सवाल पूछने की पारंपरिक प्रक्रिया में बदलाव आया।

# खेल समाचार

## पैट कमिंस ने इमरान खान को लेकर व्यक्त की चिंता, कहा - उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाना चाहिए

पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान इमरान खान को वहां की सरकार ने अभी जेल में बंद कर रखा है, जिसमें उनके स्वास्थ्य में लगातार गिरावट की खबरें सामने आ रही हैं। इसको लेकर वर्ल्ड क्रिकेट के कई पूर्व कप्तानों ने अपनी चिंता जाहिर करने के साथ पाकिस्तानी सरकार को एक लेटर भी भेजा जिसमें इमरान खान को सही इलाज मुहैया कराने के लिए कहा गया। वहीं इसी बीच इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच में लॉड्र्स के मैदान पर खेले जा रहे टेस्ट सीरीज के दूसरे मुकाबले के पहले दिन के खेल में इमरान खान के दोनों बेटों का एक इंटरव्यू भी ब्रॉडकास्टर ने प्रसारित किया उन्होंने अपने पिता की जान को खतरा बताया। अब इस वीडियो के सामने आने के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम के मौजूदा टेस्ट और वनडे कप्तान पैट कमिंस ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के साथ इमरान खान के स्वास्थ्य को लेकर चिंता व्यक्त की और लिखा कि उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाना चाहिए। ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट और वनडे कप्तान पैट कमिंस ने इमरान खान के दोनों बेटों सुलेमान और कासिम का वीडियो इंटरव्यू सामने आने के बाद 28 अगस्त को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि मैं यहां ग्रेग चैपल और अन्य पूर्व इंटरनेशनल कप्तानों के समर्थन में अपनी बात रख रहा हूं।

## साउथ अफ्रीका हुई उलटफेर का शिकार, टी20 रैंकिंग में 14वें नंबर की टीम ने दी पटखनी



साउथ अफ्रीका की टीम अभी नामीबिया के दौरे पर है जहां टी20 ट्राई सीरीज खेलने पहुंची है, जिसमें तीसरी टीम जिम्बाब्वे की है। 28 अगस्त से शुरू हुई इस टी20 ट्राई सीरीज के पहले ही मुकाबले में बड़ा उलटफेर देखने को मिला जिसमें साउथ अफ्रीकी टीम को आईसीसी टी20 टीम रैंकिंग में अभी 14वें नंबर पर काबिज नामीबिया के खिलाफ 18 रनों से हार का सामना करना पड़ा है। इस मैच में मेजबान नामीबिया को पहले बल्लेबाजी करने का मौका मिला जिसमें उन्होंने 20 ओवर्स में 9 विकेट के नुकसान पर 163 रनों का स्कोर बनाया था, जिसका पीछा करते हुए साउथ अफ्रीकी टीम 20 ओवर्स में 9 विकेट के नुकसान पर 145 रन ही बनाने में कामयाब हो सकी। नामीबिया की टीम टी20 इंटरनेशनल में साउथ अफ्रीका को दूसरी बार मात देने में कामयाब रही है, जिसमें अब तक उन्होंने अफ्रीकी टीम के खिलाफ दो ही मुकाबले भी खेले हैं। नामीबिया के खिलाफ टी20 ट्राई सीरीज के पहले मैच में 164 रनों के टारगेट का पीछा करने उतरी साउथ अफ्रीकी टीम की शुरुआत ही काफी खराब रही है, जिसमें उन्होंने अपने दोनों ओपनिंग बल्लेबाजों को 19 के स्कोर तक गंवा दिया था। इसके बाद 39 के स्कोर पर उनको तीसरा झटका टोनी डी जॉर्जी के रूप में लगा। वहीं इसके अलावा जैक ब्रासेल, कप्तान गेरहार्ड इरास्मस और मैक्स हेइन्गो ने 1-1 विकेट हासिल किया।

## नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालीफाई किया



नई दिल्ली। स्टार जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। चोपड़ा ने ज्यूरिख डायमंड लीग खत्म होने के बाद ओवरऑल स्टैंडिंग में छठे स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। नीरज चोपड़ा लीग से 12 पॉइंट्स के साथ छठे स्थान पर रहे। उन्होंने सिर्फ दो लेग्स में हिस्सा लिया, जबकि ज्यूरिख सहित तीन लेग्स में हिस्सा नहीं ले सके।

श्रीलंका के रुमेश थरंगा पथिरगे ने ज्यूरिख डायमंड लीग मीटिंग में 92.07 मीटर का थ्रो करके एंडरसन पीटर्स को हराकर लेग जीता। पीटर्स 86.93 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे और चेक गणराज्य के डेविड वेगनर 85.16 मीटर के थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे। चोपड़ा ने ज्यूरिख डायमंड लीग छोड़ दी और इस सीजन में सिर्फ दो लेग्स में हिस्सा लिया। उन्हें इस महीने की शुरुआत में लॉजेन डायमंड लीग में एक्शन में देखा गया था, जहां वह रुमेश के बाद 88.05 मीटर दूर जैवलिन फेंककर दूसरे स्थान पर रहे थे।

इससे पहले चोपड़ा ने चोट से वापसी करते हुए दोहा डायमंड लीग में हिस्सा लिया था और 85.69 मीटर थ्रो के साथ चौथे स्थान पर रहे थे।

टोक्यो ओलंपिक 2020 में स्वर्ण और पेरिस ओलंपिक 2024 में रजत पदक जीतने वाले चोपड़ा ने हाल में ग्लासगो में संपन्न कॉमनवेल्थ गेम्स में 85.83 मीटर थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे थे। यहां भी उन्हें श्रीलंका के रुमेश ने पीछे छोड़ा था। ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स के बाद नीरज ने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा था, "कुछ थ्रो ऐसे होते हैं जो दूर तक जाते हैं, और फिर कुछ ऐसे पल होते हैं जो पूरी यात्रा का बोझ उठाते हैं। पिछले 10 महीनों ने मुझे ऐसे तरीकों से परखा है जिनकी मैंने कभी उम्मीद नहीं की थी।"

## विमेंस कैरेबियन प्रीमियर लीग 2026: पूजा वस्त्रकार, किरण नवगीरे, शिखा पांडे और यास्तिका भाटिया खेलेंगी



ब्रिजटाउन। पूजा वस्त्रकार, किरण नवगीरे, शिखा पांडे और यास्तिका भाटिया विमेंस कैरेबियन प्रीमियर लीग के आने वाले सीजन के लिए विदेशी खिलाड़ियों में शामिल हैं। टूर्नामेंट के आयोजकों ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की। शिखा को छोड़कर, पूजा, किरण और यास्तिका 5-17 सितंबर तक होने वाले इस टूर्नामेंट में पहली बार खेलेंगी। लीग के सभी मैच केंसिंग्टन ओवल में खेले जाएंगे। टूर्नामेंट के फॉर्मेट के अनुसार, ग्रुप स्टेज में पॉइंट्स टेबल में टॉप पर रहने वाली टीम फाइनल में पहुंचेगी, जबकि दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमें प्लेऑफ मुकाबले में पहुंचेंगी, जिससे दूसरे फाइनलिस्ट का फैसला होगा। तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर पूजा और विस्फोटक बल्लेबाज किरण डिफेंडिंग चैंपियन बारबाडोस ट्राइडेंट्स के लिए खेलेंगी। यह भारतीय जोड़ी न्यूजीलैंड की पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सूजी बेट्स और उनकी साथी व्हाइट फर्न मैडलिन ग्रीन के साथ टीम के विदेशी दल का हिस्सा बनेगी। अनुभवी पेसर शिखा, जो पिछले दो सीपीएल सीजन का हिस्सा रही हैं, त्रिनबागो नाइट राइडर्स में विकेटकीपर-बल्लेबाज यास्तिका के साथ शामिल होंगी। यह जोड़ी साउथ अफ्रीका की स्टार ऑल-राउंडर मारिजेन कैप के साथ-साथ ऑस्ट्रेलिया की लॉरा हैरिस और लेग-स्पिनर मैडलिन पेना की जोड़ी के साथ खेलेगी।

पूजा ने इस साल की शुरुआत में विमेंस प्रीमियर लीग 2026 के जरिए कॉम्पिटिटिव क्रिकेट में वापसी की। कंधे की सर्जरी और हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण वह 2024 विमेंस टी20 वर्ल्ड कप के बाद एक्शन से बाहर रहीं। वह इस साल की मध्य प्रदेश विमेंस टी20 लीग में शामिल थीं, जहां उन्होंने चंबल घड़ियाल विमेंस को खिताब जिताया। उन्हें पिछला विदेशी फ्रेंचाइजी क्रिकेट का अनुभव ऑस्ट्रेलिया में 2022/23 विमेंस बिग बैश लीग में ब्रिस्बेन हीट के लिए खेलने से मिला था। किरण, जो विमेंस प्रीमियर लीग में यूपी वॉरियर्ज के लिए खेलती हैं, कैरिबियन में कॉम्पिटिशन के जरिए अपना पहला विदेशी टी20 लीग खेलेंगी। यास्तिका का पिछला विदेशी फ्रेंचाइजी क्रिकेट 2024/25 विमेंस बिग बैश लीग में मेलबर्न स्टार्स के लिए था।

यास्तिका, जो जुलाई में लॉड्र्स में महिला टेस्ट सेंचुरी लगाने वाली पहली बल्लेबाज हैं, विमेंस कैरेबियन प्रीमियर लीग खत्म होने के ठीक तीन दिन बाद ऑस्ट्रेलिया 'ए' के खिलाफ 50-ओवर और रेड-बॉल गेम्स में इंडिया 'ए' को लीड करने वाली हैं।

ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान मेग लैनिंग डेब्यू फ्रेंचाइजी जमैका एम्प्रेस के लिए खेलेंगी। नई फ्रेंचाइजी में उनके साथ आयरलैंड की ओपनर एमी हंटर, साउथ अफ्रीका की लेफ्ट-आर्म स्पिनर नॉनकुलुलेको म्लाबा, न्यूजीलैंड की राइट-आर्म सीमर रोजमेरी मायर और पाकिस्तान की लेग-स्पिनर सैयदा अरूब शाह हैं।

यह पहली बार है जब रोजमेरी और सैयदा दोनों विमेंस कैरेबियन प्रीमियर लीग में खेलेंगे। दूसरी तरफ, गुयाना अमेजन वॉरियर्स ने अपने पहले विमेंस कैरेबियन प्रीमियर लीग खिताब जीतने के लिए एक मजबूत टीम बनाई है, जिसमें साउथ अफ्रीका की तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल, ऑल-राउंडर क्लो ट्रायोन और नादिन डी क्लर्क, टॉप-ऑर्डर बैट्समैन तेंजमिन ब्रिट्स और ऑस्ट्रेलिया की एरिन बर्न्स को साइन किया है।

## हॉकी इंडिया ने महिला हॉकी टीम के लिए 50 लाख रुपये के इनाम की घोषणा की



नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को बेल्जियम और नीदरलैंड्स में आयोजित एफआईएच हॉकी महिला वर्ल्ड कप 2026 में ऐतिहासिक पांचवें स्थान पर रहने के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम को 50 लाख रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की। सलिमा टेटे की टीम ने गुरुवार को एम्सटेलवीन में 5वें/6वें स्थान के क्लासिफिकेशन मैच में दुनिया की 5वें नंबर की टीम जर्मनी को 3-1 से हराकर यह उपलब्धि हासिल की, जो 1974 में पहले एडिशन में चौथे स्थान पर रहने के बाद से टूर्नामेंट में भारत का सबसे अच्छा नतीजा था। टीम ने इस कैंपेन में सिर्फ एक हार का सामना किया, जिसमें उसने चीन, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसी ऊंची रैंक वाली टीमों के साथ ड्रॉ खेला और दक्षिण अफ्रीका पर 6-1 से जीत दर्ज की। इसके बाद चीफ कोच शोर्ड मारिन के अंडर जर्मनी पर जीत के साथ अपना सफर पूरा किया। टीम को इस कामयाबी पर बधाई देते हुए, हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की ने कहा, "यह भारतीय महिला हॉकी के लिए एक ऐतिहासिक नतीजा है। 52 साल बाद वर्ल्ड कप में पांचवें स्थान पर आना इस टीम की कड़ी मेहनत, हिम्मत और लड़ने के जज्बे का सबूत है जो उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में दिखाया है। हॉकी इंडिया की ओर से, मुझे टीम के लिए 50 लाख रुपये के कैश अवॉर्ड की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। मुझे उम्मीद है कि इससे खिलाड़ियों को अपना लेवल ऊंचा करने की प्रेरणा मिलेगी।" हॉकी इंडिया के सेक्रेटरी जनरल भोला नाथ सिंह ने कहा, "सलीमा और उनकी टीम ने एक ऐसे कैंपेन से देश को गर्व महसूस कराया है जिसमें उन्होंने दुनिया की कुछ बेहतरीन टीमों के साथ मुकाबला किया और अपनी जगह बनाए रखी। यह घोषणा उनकी प्रतिबद्धता और कड़ी मेहनत को पहचानने का हमारा तरीका है, और हमें उम्मीद है कि इससे टीम को और प्रेरणा मिलेगी क्योंकि वे एशियन गेम्स पर अपना ध्यान लगाएंगे।" पांचवें स्थान के मुकाबले में जर्मनी जैसी मजबूत टीम के खिलाफ मिली जीत ने भारतीय टीम के अभियान को यादगार बना दिया। टूर्नामेंट के दौरान भारतीय खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखी।

## इमरान खान के बेहतर इलाज के समर्थन में उतरे ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस



नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट और वनडे कप्तान पैट कमिंस ने शुक्रवार को पूर्व अंतरराष्ट्रीय कप्तानों के उस पिटीशन का समर्थन किया, जिसमें ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ग्रेग चैपल भी शामिल हैं। इस पिटीशन में जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान के क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान इमरान खान के इलाज और कोर्ट के बताए अनुसार सही मेडिकल केयर की मांग की गई है। कमिंस ने शुक्रवार को अपने 'एक्स' अकाउंट पर लिखा, "मैं चैपल और दूसरे पूर्व अंतरराष्ट्रीय कप्तानों को अपना समर्थन देता हूं। मुझे उम्मीद है कि कोर्ट के आदेश पर मेडिकल टीम को अपना काम करने दिया जाएगा, और फैमिली विजिट जारी रहेंगी। मुझे उम्मीद है कि इमरान खान के साथ वैसी ही इज्जत से पेश आया जाएगा, जिसके वे हकदार हैं।" चैपल द्वारा उठाई गई और पाकिस्तान के वर्तमान प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को भेजी गई पिटीशन पर भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तानों सुनील गावस्कर, कपिल देव और दिलीप वेंगसरकर का भी हस्ताक्षर है।

पिटीशन पर सर एलेस्टेयर कुक, माइकल एथरटन, स्टीव वॉ, एडम गिलक्रिस्ट और नासिर हुसैन के भी हस्ताक्षर हैं। पाकिस्तानी अथॉरिटीज से खान के परिवार को मिलने देने और स्वतंत्र मेडिकल चेकअप देने की मांग की गई है। इसमें खान की हेल्थ, खासकर उनकी दाहिनी आंख की रोशनी में काफी कमी की खबरों को लेकर गहरी चिंता जताई गई थी, क्योंकि वह तीन साल से ज्यादा समय से जेल में हैं। पत्र में लिखा गया, "इमरान खान 73 साल के हैं और अब तीन साल से ज्यादा समय जेल में रह चुके हैं। उनके केस के बारे में जो भी कानूनी और राजनीतिक बातें हों, कोर्ट के आदेश पर मेडिकल प्रक्रिया को असल में पूरा करने की बुनियादी जरूरत, हमारे हिसाब से, कोई विवादित अनुरोध नहीं है।" इमरान की पार्टी के लोग इसे राजनीतिक द्वेष से लिया गया फैसला मानते हैं।

## PCB को मुंह की पड़ी खानी, नहीं रोक पाई इमरान खान के बेटों का इंटरव्यू

पाकिस्तान की टीम अभी इंग्लैंड के दौरे पर है, जिसमें वह तीन टेस्ट मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला लॉड्र्स के स्टेडियम पर खेल रही है। इस मुकाबले के पहले दिन के खेल में लंच सेशन के दौरान ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर स्काई स्पोर्ट्स ने पाकिस्तानी टीम पूर्व कप्तान और उनके देश के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के दोनों बेटों के इंटरव्यू को प्रसारित किया, जिसको लेकर काफी विवाद भी देखने को मिला। पहले दिन पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और मैच के ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर स्काई स्पोर्ट्स के बीच विवाद हो गया। दरअसल, इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल आर्थटन ने पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के बेटों का एक इंटरव्यू किया जिसको स्काई स्पोर्ट्स ने इसे मैच के बीच लंच ब्रेक में ब्रॉडकास्ट करने की तैयारी कर ली थी लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने इस इंटरव्यू पर ऑब्जेक्शन कर दिया। इसे ब्रॉडकास्ट ना करने की चेतावनी दे दी और PCB ने कहा कि अगर ये इंटरव्यू चलेगा तो पाकिस्तान की टीम लंच ब्रेक के बाद मैदान पर नहीं लौटेगी। पाकिस्तान टीम को खेलने के लिए मैदान पर वापस भी आना पड़ा और मजे की बात यह है कि PCB इस इंटरव्यू को स्काई स्पोर्ट्स पर रोकने में लगा रहा और उसके अपने ब्रॉडकास्टर PTV पर भी यह इंटरव्यू चल गया।

## प्रज्ञानंद ने रचा इतिहास, ग्रैंड चेस टूर का खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बने




नई दिल्ली। रमेशबाबू प्रज्ञानंद ने इतिहास रच दिया है। वह ग्रैंड चेस टूर का खिताब जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने अमेरिका के सेंट लुइस में हुए फाइनल में फैबियानो कारुआना को 15-13 से हराया। प्रज्ञानंद के लिए यह नतीजा खास रहा, क्योंकि फाइनल मुकाबले में शुरुआती बढ़त गंवाने के बावजूद उन्होंने शानदार वापसी की। इस टूर्नामेंट में खिलाड़ियों की क्लासिकल, रैपिड और ब्लिट्ज, तीनों तरह की शतरंज में क्षमता की परीक्षा ली जाती है।अडानी ग्रुप द्वारा समर्थित इस भारतीय स्टार ने क्लासिकल चेस में 3-9 से हारने के बाद रैपिड सेक्शन में वापसी की और इसे 8-0 से जीता। इसके बाद ब्लिट्ज वर्शन में मुकाबला 4-4 से बराबरी पर छूटा, जिससे वह कुल 15-13 के स्कोर के साथ खिताब जीतने में सफल रहे। इस इवेंट में हर जीत पर छह प्वाइंट मिलते हैं, क्लासिकल में ड्रॉ पर तीन प्वाइंट मिलते हैं, जबकि रैपिड चेस में जीत पर चार प्वाइंट और ड्रॉ पर दो प्वाइंट मिलते हैं। ब्लिट्ज में हर जीत पर दो प्वाइंट और ड्रॉ पर एक प्वाइंट मिलता है। अमेरिका के ही वेस्ली सो ने तीसरे स्थान के लिए हुए प्लेऑफ में जर्मनी के विंसेंट कीमर को हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। टॉप स्थान और फाइनल में जीत से प्रज्ञानंद को 2 लाख डॉलर (लगभग 1.90 करोड़ रुपये) मिले, जबकि कारुआना को दूसरे स्थान पर रहने के लिए 1 लाख 25 हजार डॉलर मिले। वेस्ली सो को तीसरे स्थान के लिए 75 हजार डॉलर मिले, जबकि विंसेंट कीमर ने चौथे स्थान पर रहने के लिए 50 हजार डॉलर हासिल किए।

21 वर्षीय प्रज्ञानंद ने पहले सेमीफाइनल में कीमर को 19-9 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी, जबकि कारुआना ने दूसरे सेमीफाइनल में वेस्ली सो को 18-12 से हराया था। प्रज्ञानंद 2018 में सिर्फ 13 साल की उम्र में ग्रैंडमास्टर बने थे। उनकी मौजूदा रेटिंग 2750 है और अगस्त 2026 की ताजा फिडे क्लासिकल रैंकिंग में वह दुनिया के 12वें नंबर के खिलाड़ी हैं।

## नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग के फाइनल में पक्की की जगह, सिर्फ 2 इवेंट में हिस्सा लेकर हासिल किया टिकट



भारतीय स्टार जैवलिन थ्रो एथलीट और ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने ब्रुसेल्स में 4 और 5 सितंबर को आयोजित होने वाले डायमंड लीग के फाइनल में अपनी जगह को पक्का करने में कामयाब हो गए हैं। 26 अगस्त की देर रात को डायमंड लीग के आखिरी चरण में ज्यूरिख में इवेंट आयोजित किया गया जिसके खत्म होने के साथ फाइनल में जगह पक्की करने वाले 6 खिलाड़ियों के नामों का भी फैसला हो गया और इसमें नीरज चोपड़ा 12 अंकों के साथ छठे स्थान पर रहे। नीरज चोपड़ा ने ज्यूरिख के इवेंट में हिस्सा नहीं लेने का फैसला लिया ताकि वह डायमंड लीग फाइनल और उसके बाद एशियन गेम्स 2026 के लिए खुद को तरोताजा रखने में कामयाब रहें। नीरज ने इस बार डायमंड लीग के सिर्फ 2 इवेंट में हिस्सा लिया और अपनी जगह पक्की करने में कामयाब रहे। नीरज चोपड़ा पिछले साल वर्ल्ड चैंपियनशिप के दौरान लगी पीठ की चोट से उबरने के बाद से काफी सावधानी के साथ आगे बढ़ रहे हैं, जिसके चलते उन्होंने डायमंड लीग के सिर्फ 2 इवेंट में हिस्सा लिया। इसके बावजूद वह छह खिलाड़ियों वाले फाइनल में जगह बनाने में सफल रहे।

# जब उतरने लगे बच्चों का डेंगू बुखार, जानिए क्यों इस वक्त बढ़ता है खतरे का ग्राफ?



बरसात के मौसम में सबसे ज्यादा खतरा डेंगू बुखार का रहता है। इस मौसम में बच्चे बहुत बीमार पड़ते हैं। डेंगू बुखार के दौरान अक्सर देखा जाता है कि जब बच्चे का बुखार उतरने लगता है, तब पेरेंट्स काफी रिलैक्स हो जाते हैं। वे सोचते हैं कि बच्चा अब ठीक हो रहा है, लेकिन डॉक्टर्स की मानें तो यही वह समय होता है जब बच्चों का सबसे ज्.ादा ध्यान रखने की जरूरत होती है। डेंगू का असली खतरा बुखार के दौरान नहीं, बल्कि बुखार उतरने के बाद के 24 से 48 घंटों में शुरू होता है। इसलिए रिकवरी के दिनों में बच्चे की निगरानी कम करने के बजाय और सावधानी बरतना जरूरी है। ऐसे में डॉ. नेहा रस्तोगी, सीनियर कंसल्टेंट, संक्रामक रोग विभाग, फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम ने बताया है क्यों इस वक्त सबसे ज्यादा खतरा बढ़ जाता है और बच्चों की देखभाल क्यों जरूरी है। डेंगू के शुरुआती चरण में तेज बुखार, सिरदर्द, शरीर में दर्द, उल्टी या कमजोरी जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। जब बुखार कम होने लगता है, तो माता-पिता को लगता है कि बच्चा ठीक हो रहा है। हालांकि, इसी समय कुछ बच्चों में शरीर से तरल पदार्थ के रिसाव के कारण ब्लड प्रेशर गिरने और ब्लड फ्लो प्रभावित होने जैसी गंभीर समस्याएं होने लगती है।

इसलिए केवल बुखार उतरना पूरी तरह ठीक होने का संकेत नहीं माना जाना चाहिए। रिकवरी के दौरान बच्चे के व्यवहार और सामान्य स्थिति पर विशेष ध्यान दें। बच्चा सामान्य रूप से पानी या तरल पदार्थ ले रहा है या नहीं, पेशाब पर्याप्त हो रहा है या नहीं, अत्यधिक सुस्ती तो नहीं है, लगातार उल्टी या पेट दर्द तो नहीं है इन बातों पर नजर रखना बेहद जरूरी है। मसूड़ों या नाक से खून आना, सांस लेने में परेशानी, त्वचा का बहुत ठंडा या पीला पड़ना, बेहोशी जैसा महसूस होना या अचानक अत्यधिक कमजोरी जैसे संकेतों को गंभीरता से लेना चाहिए और तुरंत डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए। इसके अलावा इस बात का भी खास ध्यान रखने की जरूरत है कि केवल प्लेटलेट्स की संख्या देखकर बच्चे की स्थिति का आकलन नहीं किया जाना चाहिए। डॉक्टर बच्चे के लक्षण, ब्लड प्रेशर, हेमाटोक्रिट, पेशाब और अन्य जांचों को मिलाकर स्थिति का मूल्यांकन करते हैं।

# दिल्ली में फिर महंगी हुई CNG, जानें अब क्या है नया रेट

दिल्ली में रहने वालों को महंगाई का एक और झटका लगा है। दरअसल, इनपुट गैस की लागत का प्रेशर बने रहने के कारण, इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड ने CNG के दाम में इजाफा करने का फैसला किया है। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड, 29 अगस्त को सुबह 6 बजे से अपने सभी GA में CNG की कीमत 3.89 रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ाएगी। इससे दिल्ली में CNG की नई कीमत 86.98 प्रति किलोग्राम होगी। बता दें कि इससे पहले 26 मई को इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (IGL) ने एक बार फिर सीएनजी की कीमतों में बढ़ोतरी की थी। कंपनी ने सीएनजी के दाम में 2 रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी की, जिसके बाद दिल्ली में सीएनजी की कीमत 81.09 रुपये से बढ़कर 83.09 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। खास बात यह है कि महज 11 दिनों के भीतर सीएनजी के दाम में यह चौथी बढ़ोतरी थी। इससे पहले 23 मई को IGL ने सीएनजी की कीमत में 1 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी की थी। उस बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में सीएनजी का भाव 80.09 रुपये से बढ़कर 81.09 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया था।

सीएनजी के बढ़ते दाम का असर सिर्फ दिल्ली तक सीमित नहीं है। दिल्ली-एनसीआर के गुरुग्राम, नोएडा, गाजियाबाद और फरीदाबाद जैसे प्रमुख शहरों में बड़ी संख्या में वाहन सीएनजी पर चलते हैं।

टैक्सी, कैब और ऑटो रिक्शा के अलावा कई निजी वाहन भी सीएनजी पर निर्भर हैं।

ऐसे में सीएनजी की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी से वाहन चालकों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। खासकर टैक्सी, कैब और ऑटो चालकों की रोजाना की लागत बढ़ेगी, जिसका सीधा असर उनकी कमाई पर पड़ सकता है।

# 100% शुद्ध देसी प्रोटीन पाउडर, एक बार नाश्ते में खा लें, दिनभर रहेंगे जोश और एनर्जी से भरपूर



वजन घटाने से लेकर हेल्दी रहने तक, प्रोटीन से भरपूर डाइट लेने की सलाह दी जाती है। प्रोटीन शरीर को स्वस्थ और मजबूत बनाने में मदद करता है। आजकल जिम जाने वाले लोग प्रोटीन सप्लीमेंट्स का सहारा लेते हैं, लेकिन इसके कई साइड इफेक्ट्स भी झेलने पड़ते हैं। इसलिए आज हम आपको 100 प्रतिशत शुद्ध देसी प्रोटीन पाउडर के बारे में बता रहे हैं। जिसे खाने के बाद आप दिनभर एक्टिव और एनर्जेटिक फील करें। इससे काफी देर तक भूख नहीं लगती और पेट भरा रहता है। खास बात ये है कि इस प्रोटीन पाउडर से गर्मी और लू लगने से भी बचते हैं। जी हां हम बात कर रहे हैं सत्तू की, जिसे गर्मी का सुपरफूड कहा जाता है। चना और जौ से बना सत्तू प्रोटीन से भरपूर होता है। इसे पीने से शरीर को ताकत मिलती है। जानिए इसके फायदे। सत्तू में पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन होता है। अगर सत्तू में छिलके भी हैं तो इससे शरीर को कैल्शियम मिलता है। सत्तू को गांव देहात में लोग 'सतुआ' भी कहते हैं। सत्तू में फाइबर (Fiber), कार्बोहाइड्रेट (Carbohydrate), प्रोटीन (Protein), कैल्शियम (Calcium), मैग्नीसीयम (Mangnecium) की अच्छी मात्रा होती है। गर्मी में इसे खासतौर से खाने की सलाह दी जाती है। सत्तू को शुद्ध एनर्जी ड्रिंक माना जाता है। अगर आप 100 ग्राम सत्तू का सेवन करते हैं तो इससे शरीर को 20.6 % प्रोटीन (Protein) मिलता है। 100 ग्राम सत्तू में 7.2 % वसा (Fat) होता है और 1.35 % फाइबर (Fiber) की मात्रा होती है। सत्तू में 65.2 %, कार्बोहाइड्रेट (Carbohydrate), 2.95 % नमी (Moisture), 406 कैलोरी (Calorie) होती हैं। यानि नाश्ते के लिए सत्तू परफेक्ट हेल्दी ऑप्शन है। सत्तू को बिहार और उत्तरप्रदेश में बड़े चाव के साथ खाया जाता है। हालांकि अब ज्यादातर लोग सत्तू खाने और इसके बारे में जानने लगे हैं। कुछ लोग सिर्फ भुने चने का ही सत्तू खाते हैं तो कुछ लोग जौ और चने का सत्तू खाना पसंद करते हैं। हेल्थ एक्सपर्ट्स गर्मी में जौ और चने के सत्तू को पानी में घोलकर पीने की सलाह देते हैं। यानि सत्तू को हमेशा पतला करके ही पिएं। आप इसे मीठा या नमकीन किसी भी तरह पी सकते हैं। गर्मी में सत्तू लू से बचाता है और पेट को ठंडा रखता है।

डायबिटीज और ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में भी मदद करता है। सत्तू चने से बनता है तो ये बाल और त्वचा के लिए भी फायदेमंद होता है।

# छोटी सी लौंग सेहत के लिए बड़े काम की, दांत दर्द से लेकर मुंह की बदबू तक में देती है राहत



लौंग भारतीय किचन में इस्तेमाल होने वाला ऐसा मसाला है, जो भले ही साइज में छोटा दिखे, लेकिन इसमें कई तरह के प्राकृतिक गुण पाए जाते हैं। चाय से लेकर सब्जी तक, लौंग का इस्तेमाल स्वाद और खुशबू बढ़ाने के लिए किया जाता है। सर्दी-जुकाम या दांत में दर्द होने पर भी लोग अक्सर लौंग का इस्तेमाल करते हैं। वैज्ञानिक रिसर्च की मानें, तो इसमें मौजूद कई ऐसे तत्व है, जो शरीर के लिए फायदेमंद होते हैं। खासतौर पर इसमें मौजूद यूजेनॉल, फ्लेवोनॉयड्स और दूसरे पौधों से मिलने वाले रसायन इसके खास गुण हैं। लौंग का सबसे ज्यादा फायदा दांत के दर्द में माना जाता है। लौंग में मौजूद यूजेनॉल दर्द को कुछ समय के लिए कम करने में मदद करता है। यही वजह है कि दांतों के इलाज में भी यूजेनॉल का इस्तेमाल किया जाता है। अगर कभी हल्का दांत दर्द हो तो लोग लौंग को दांत के पास रखने का घरेलू तरीका अपनाते हैं। इससे कुछ समय के लिए आराम मिलता है। लेकिन अगर दर्द ज्यादा है, मसूड़ों में सूजन है या दांत में इन्फेक्शन है, तो डॉक्टर को दिखाना जरूरी है। लौंग मुंह की सफाई के लिए भी फायदेमंद होती है। इसमें ऐसे गुण पाए जाते हैं जो कुछ तरह के बैक्टीरिया से लड़ने में मदद करते हैं। खाना खाने के बाद एक लौंग चबाने से मुंह में ताजगी बनी रहती है। हालांकि, लौंग चबाना ब्रश करने या दांतों की सही सफाई का विकल्प नहीं है। लौंग में एंटीऑक्सीडेंट भी पाए जाते हैं। दरअसल, हमारे शरीर में कुछ ऐसे कण बनते हैं जो ज्यादा होने पर कोशिकाओं को नुकसान पहुंचा सकते हैं। एंटीऑक्सीडेंट इनसे शरीर को बचाने में मदद करते हैं। लौंग में मौजूद यूजेनॉल और दूसरे प्राकृतिक तत्व इस काम में मदद करते हैं। इसी कारण लौंग को शरीर के लिए फायदेमंद मसालों में गिना जाता है। लौंग में सूजन कम करने वाले गुण भी पाए गए हैं। शरीर में चोट या किसी परेशानी के कारण सूजन होना आम बात है। रिसर्च में लौंग के कुछ तत्वों ने ऐसी प्रक्रियाओं को कम करने की क्षमता दिखाई है, जिनकी वजह से शरीर में सूजन होती है। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं है कि किसी बीमारी या ज्यादा सूजन का इलाज सिर्फ लौंग से किया जा सकता है। इसके लिए डॉक्टर की सलाह जरूरी होती है।

# महिलाओं के लिए सरकार की खास योजना! लखपति दीदी बनकर सालाना ₹1 लाख तक कमाने का मौका

गांव की महिलाएं अगर अपने पैरों पर खड़ी होकर कमाई करना चाहती हैं, तो सरकार की लखपति दीदी योजना उनके लिए बड़ा अवसर बन सकती है। इस पहल का उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों (SHG) से जुड़ी महिलाओं की आमदनी बढ़ाकर उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है। सरकार का लक्ष्य देशभर में 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाना है, यानी उनकी सालाना आय कम से कम 1 लाख तक पहुंचाना है। लखपति दीदी योजना के तहत ग्रामीण इलाकों में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को रोजगार और छोटे कारोबार के लिए जरूरी ट्रेनिंग दिया जाता है। इसका मकसद सिर्फ आर्थिक सहायता देना नहीं, बल्कि महिलाओं को ऐसा हुनर देना है, जिससे वे खुद अपना काम शुरू कर सकें और नियमित आमदनी हासिल कर सकें। योजना के तहत महिलाओं को उनकी रुचि और स्थानीय जरूरत के हिसाब से अलग-अलग कामों के लिए प्रशिक्षित किया जा सकता है। इसमें सिलाई-बुनाई, एलईडी बल्ब निर्माण, मशरूम की खेती और डेयरी जैसे काम शामिल हैं। इसके अलावा 'नमो ड्रोन दीदी' पहल के तहत कृषि क्षेत्र में ड्रोन के इस्तेमाल और संचालन से जुड़ी ट्रेनिंग भी दी जाती है। इस तरह महिलाएं खेती-किसानी से जुड़े कामों के साथ-साथ छोटे उत्पादन और सर्विस आधारित कारोबार भी शुरू कर सकती हैं। लखपति दीदी पहल की खास बात यह है कि महिलाओं को केवल ट्रेनिंग तक सीमित नहीं रखा जाता। इससे स्थानीय स्तर पर तैयार सामान को ज्यादा ग्राहक मिलने की संभावना बढ़ती है।

## पाचन से लेकर मानसिक सतर्कता तक, जानें विपरीतकरणी मुद्रा के लाभ

योग शरीर और मन को संतुलित करने की प्राचीन विद्या है। रोजमर्रा की भागदौड़ से शारीरिक थकान, तनाव और पाचन संबंधित समस्या आम हैं। इन्हीं आसनों में विपरीतकरणी है, जो न सिर्फ शरीर को नई ऊर्जा देता है, बल्कि थके हुए मन को भी शांत करता है। 'विपरीतकरणी' आसन एक संस्कृत शब्द है, जो उल्टे होने के एक कार्य को दर्शाता है। यह दो शब्दों से मिलकर बना है, जिसमें 'विपरीत' का अर्थ 'उलटा' और 'करणी' का अर्थ 'करना' होता है। इस आसन में आपको सर्वांगासन के समान अपने पैरों को ऊपर की ओर करना होता है। यह आसन हमारे शरीर के लिए अनेक प्रकार से लाभदायक है। यह एक ऐसा सरल अभ्यास है जिसे हर उम्र का व्यक्ति आसानी से कर सकता है और इसके नियमित अभ्यास से शरीर में रक्त संचार बेहतर होता है। आयुष मंत्रालय के अनुसार, विपरीतकरणी आसन एक बेहद प्रभावी और विश्रामकारी योग अभ्यास है, जिसका शाब्दिक अर्थ 'उलटी क्रिया वाला आसन' या 'प्रवाह को मोड़ने वाला आसन' होता है। इसे आधुनिक योग में अक्सर दीवार के सहारे किया जाता है। उनके अनुसार, यह आसन गुरुत्वाकर्षण के विपरीत काम करता है, जिससे पैरों और निचले शरीर से रक्त का प्रवाह वापस हृदय और मस्तिष्क की ओर सुचारू रूप से बढ़ता है।

# सितंबर से बदल जाएगा चीनी बेचने का नियम! सरकार हर 15 दिन में तय करेगी मिलों का कोटा

चीनी की कीमतों में हालिया बढ़ोतरी के बीच केंद्र सरकार ने सप्लाई को लेकर बड़ा फैसला लिया है। सितंबर 2026 से चीनी मिलों को हर महीने की जगह हर 15 दिन में बिक्री का कोटा दिया जाएगा। सरकार का मकसद बाजार में चीनी की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखना और जमाखोरी या कमी होने की स्थिति को रोकना है। सरकार ने साफ किया है कि देश में चीनी की कोई कमी नहीं है। फिलहाल खाद्य मंत्रालय चीनी मिलों को पूरे महीने के लिए बिक्री का कोटा आवंटित करता है। सरकार की स्टॉक जांच में कुछ मिलों के पास घोषित मात्रा से ज्यादा चीनी मिली, जबकि कुछ मिलों ने आवंटित कोटे से कम चीनी बेची। मंत्रालय के मुताबिक, कुछ मामलों में महीने की शुरुआत में बेची गई चीनी को खरीदारों ने महीने के अंत में उठाया। इससे बाजार में अस्थायी रूप से सप्लाई कम हुई। नए नियम के तहत सितंबर से मिलों को पखवाड़े के आधार पर बिक्री कोटा मिलेगा। मिलों को आवंटित मात्रा का कम से कम 40 फीसदी पहले हफ्ते में बेचना होगा और बाकी मात्रा अगले हफ्ते में बेचनी होगी। इसके अलावा, मिल से चीनी बेचने के बाद उसे 7 दिनों के भीतर डिस्पैच करना जरूरी होगा। सरकार का मानना है कि इससे सप्लाई चेन में तेजी आएगी और बाजार में चीनी की उपलब्धता बेहतर होगी। सरकार के अनुसार, पिछले कुछ दिनों में चीनी के एक्स-मिल दाम करीब 20 फीसदी घटे हैं और खुदरा कीमतों में भी नरमी शुरू हो गई है। सरकार का कहना है कि सप्लाई सामान्य रहने पर खुदरा कीमतों में और गिरावट देखने को मिल सकती है।

## ₹300 पर पहुंचा GMP Price, टेम्पसेंस इंस्ट्रूमेंट्स के IPO को मिला 184 गुना सब्सक्रिप्शन

थर्मल इंजीनियरिंग कंपनी टेम्पसेंस इंस्ट्रूमेंट्स (इंडिया) लिमिटेड का आईपीओ निवेशकों से मिले जबरदस्त समर्थन के दम पर ग्रे मार्केट में भी छाया हुआ है। 20 अगस्त को खुला ये आईपीओ 24 अगस्त को बंद हुआ था। कंपनी के आईपीओ को आखिरी दिन सोमवार को 184.07 गुना सब्सक्रिप्शन मिला है। एनएसई से मिली जानकारी के मुताबिक, 650 करोड़ रुपये के इस आईपीओ में पेश किए गए 1,51,81,667 शेयरों के मुकाबले 2,79,44,59,050 शेयरों के लिए आवेदन प्राप्त हुए। इसमें NII कोटे को रिकॉर्ड 314.44 गुना सब्सक्रिप्शन मिला। इसी तरह, QIB कोटे को भी 302.88 गुना बोलियां मिलीं। जबकि, रिटेल इंवेस्टर्स के हिस्से को 60.69 गुना सब्सक्रिप्शन मिला। टेम्पसेंस इंस्ट्रूमेंट्स अपने इस आईपीओ से 650 करोड़ रुपये जुटाने जा रही है। इस आईपीओ में 95 करोड़ रुपये के 31,66,666 फ्रेश शेयर जारी किए गए हैं। जबकि, कंपनी के प्रोमोटर्स OFS के जरिए 555 करोड़ रुपये में अपनी हिस्सेदारी के 1,85,00,000 शेयर बेचे हैं। ये एक मेनबोर्ड आईपीओ है, जो घरेलू शेयर बाजार के दोनों प्रमुख एक्सचेंजों बीएसई और एनएसई पर लिस्ट होगा।

## ऑफिस में घंटों बैठने से अकड़ जाती है कमर?



आजकल लंबे समय तक कुर्सी पर बैठकर काम करने, मोबाइल चलाने और शारीरिक गतिविधि कम होने की वजह से पीठ, गर्दन और कंधों में अकड़न आम हो गई है। ऐसे में योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना काफी मददगार हो सकता है। अर्धचक्रासन एक सरल योगासन है, जिसमें शरीर को पीछे की ओर मोड़ा जाता है। नियमित और सही तरीके से इसका अभ्यास करने से शरीर में लचीलापन बनाए रखने में मदद मिल सकती है। आयुष मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर बताया कि अर्धचक्रासन करते समय शरीर का ऊपरी हिस्सा धीरे-धीरे पीछे की ओर झुकता है। इस दौरान मेरुदण्ड (रीढ़ की हड्डी) पर खिंचाव आता है। इससे रीढ़ के आसपास की मांसपेशियों को सक्रिय करने और उनमें लचीलापन बनाए रखने में मदद मिल सकती है। यही वजह है कि इसे पीठ और शरीर के ऊपरी हिस्से के लिए उपयोगी योगाभ्यास माना जाता है। इसे करने के लिए सबसे पहले सीधे खड़े हो जाएं और दोनों पैरों के बीच थोड़ा अंतर रखें। अब दोनों हाथों को कमर के पीछे रखें। सांस लेते हुए छाती को थोड़ा ऊपर उठाएं और धीरे-धीरे कंधों को पीछे ले जाते हुए शरीर के ऊपरी हिस्से को पीछे की ओर झुकाएं। ध्यान रखें कि गर्दन पर अचानक दबाव न डालें।

# भारत की इंडस्ट्री ने पकड़ी रफ्तार! जुलाई में औद्योगिक उत्पादन 6.7% बढ़ा

भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए जुलाई का महीना अच्छी खबर लेकर आया है। देश के औद्योगिक क्षेत्र ने मजबूत प्रदर्शन किया है और फैक्ट्रियों में उत्पादन की रफ्तार बढ़ी है। सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, जुलाई 2026 में भारत का औद्योगिक उत्पादन सालाना आधार पर 6.7 फीसदी बढ़ा। इस ग्रोथ में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर का बड़ा योगदान रहा। मिनिस्ट्री ऑफ स्टेटिस्टिक्स एंड प्रोग्राम इम्प्लीमेंटेशन (MoSPI) के आंकड़ों के अनुसार, जुलाई में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP) 124.8 रहा, जबकि जुलाई 2025 में यह 117.0 था। हालांकि, जून 2026 में दर्ज 7.3 फीसदी की ग्रोथ के मुकाबले जुलाई की वृद्धि थोड़ी कम रही। औद्योगिक उत्पादन में सबसे अहम भूमिका मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की रही। जुलाई में इसमें 7.3 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। खास बात यह है कि 23 प्रमुख औद्योगिक समूहों में से 19 में पिछले साल की तुलना में उत्पादन बढ़ा। ऑटो सेक्टर ने शानदार प्रदर्शन किया। मोटर व्हीकल, ट्रेलर और सेमी-ट्रेलर के उत्पादन में 22.2 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। वहीं, इलेक्ट्रिकल उपकरणों का उत्पादन 28.3 फीसदी और मशीनरी एवं उपकरण निर्माण में 12.1 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। जुलाई में बिजली और गैस आपूर्ति से जुड़े क्षेत्र का उत्पादन 8.7 फीसदी बढ़ा। पानी की सप्लाई, सीवरेज और वेस्ट मैनेजमेंट में भी 7.4 फीसदी की वृद्धि हुई। हालांकि, माइनिंग और क्वॉरिंग सेक्टर में 0.9 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। इंडस्ट्री में निवेश से जुड़ी गतिविधियों के लिए भी जुलाई का आंकड़ा मजबूत रहा। कैपिटल गुड्स का उत्पादन 16.1 फीसदी बढ़ा, जबकि इंटरमीडिएट गुड्स में 10 फीसदी की वृद्धि हुई। इंफ्रास्ट्रक्चर और कंस्ट्रक्शन गुड्स 6.9 फीसदी और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 10.5 फीसदी बढ़े। हालांकि, कंज्यूमर नॉन-ड्यूरेबल्स के उत्पादन में 1 फीसदी की गिरावट रही। MoSPI ने बताया कि जुलाई के आंकड़े फिलहाल त्वरित अनुमान हैं और अलग-अलग सोर्स से ज्यादा जानकारी मिलने के बाद इनमें संशोधन किया जा सकता है। अगस्त 2026 के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े 28 सितंबर को जारी किए जाएंगे। जुलाई के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़ों से अर्थव्यवस्था के विनिर्माण क्षेत्र में गतिविधियां तेज होने के संकेत मिले हैं। हालांकि जून की तुलना में समग्र वृद्धि दर में मामूली कमी आई है, लेकिन लगातार मजबूत औद्योगिक उत्पादन यह दर्शाता है कि कारखानों में उत्पादन गतिविधियां बनी हुई हैं। खास तौर पर विनिर्माण क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन ने जुलाई के आंकड़ों को मजबूती दी है। पूंजीगत वस्तुओं के उत्पादन में 16.1 प्रतिशत की वृद्धि भी अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है।



# राहुल गांधी पर BJP IT सेल की 'कारपेट बॉम्बिंग', सोशल मीडिया पर मीम्स और वीडियो की बौछार



नई दिल्ली। बीजेपी की IT सेल इन दिनों लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर हमलावर है। बीजेपी के अलग-अलग राज्यों के आईटी सेल ने पिछले कुछ दिनों में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष को निशाने पर लिया है। बता दें कि रक्षाबंधन के मौके पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपनी बहन प्रियंका गांधी के साथ एक तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट की और देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। राहुल गांधी ने लिखा कि स्नेह के धागों से बंधा भाई-बहन का यह अटूट रिश्ता प्रेम और विश्वास के साथ और मजबूत हो। कांग्रेस नेता के इस पोस्ट के बाद सोशल मीडिया पर जमकर प्रतिक्रिया देखने को मिली। दरअसल, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की यह तस्वीर सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने सवाल उठाया कि राहुल ने प्रियंका से राखी बंधवाते हुए तस्वीर क्यों पोस्ट नहीं की। दरअसल, इससे एक दिन पहले शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने राहुल गांधी को चुनौती दी थी। उन्होंने कहा था कि राहुल गांधी कम से कम एक बार अपनी बहन से राखी बंधवाते और उन्हें उनकी रक्षा का भरोसा देते हुए नजर आएं। हालांकि, राहुल गांधी ने जो तस्वीर पोस्ट की, उसमें ऐसा कोई दृश्य नजर नहीं आया। वेबसाइट के मुताबिक, राहुल गांधी ने अपने 4 कार्यक्रमों में कुल 40 दावे किए।

# सोनिया गांधी की किताब क्यों रोक दी गई, क्या हटाने को लेकर शुरू हुआ विवाद?

आज कांग्रेस के लिए एक और परेशान करने वाली खबर आई। सोनिया गांधी की किताब 'Belonging: A Journey of Love' को लेकर एक कंट्रोवर्सी सामने आई है। सोनिया गांधी की किताब को छापने से पब्लिशर पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया ने इनकार कर दिया है। खबर है कि पेंगुइन ने किताब के एक हिस्से में कुछ एडिटोरियल चेंजेज और कुछ पैराग्राफ्स को हटाने की मांग की थी। पब्लिशर की इस डिमांड को सोनिया गांधी ने रिजेक्ट कर दिया, जिसके बाद पेंगुइन रैंडम हाउस ने किताब छापने से इनकार कर दिया। पहले इस किताब की रिलीज डेट 10 नवंबर रखी गई थी। इससे पहले ही किताब की पब्लिशिंग को लेकर विवाद हो गया है। अब कांग्रेस का सवाल है कि पेंगुइन बुक्स ने इंडिया में इस बुक को पब्लिश करने को लेकर जो आपत्तियां जताई हैं, वो वर्ल्ड वाइड पब्लिकेशन के दौरान क्यों नहीं जताई गईं। हालांकि पब्लिशर ने इस बारे में बयान जारी करके सफाई भी दे दी है। इसके बावजूद कांग्रेस इसे प्रेस फ्रीडम पर हमला बता रही है। आज के जमाने में ये नहीं होता कि ऑथर ने लिखकर दे दिया और पब्लिशर ने यूं का यूं छाप दिया। हर पब्लिशर, किताब का सारा टेक्स्ट एक लीगल फर्म को देता है, जो ये इन्श्योर करती है कि पब्लिशर किसी कानूनी चक्कर में ना फंसे। सोनिया गांधी की किताब के साथ भी यही हुआ है। पब्लिशर ने फैक्ट चेक करवाया और फिर ऑथर को सजेस्ट किया। इसके बाद ऑथर ने मानने से इनकार कर दिया। ऐसे में पब्लिशर चाहकर भी किताब को पब्लिश करने का रिस्क नहीं ले सकता। चूंकि किताब सोनिया गांधी की है, इसीलिए ये विवाद अब काफी बड़ा बन गया है। ये किताब सोनिया गांधी की आत्मकथा है। इसमें सोनिया गांधी के इटली में बिताए बचपन से लेकर भारत में उनके जीवन तक का वर्णन किया गया है। राजीव गांधी से विवाह, देश की प्रधानमंत्री रहीं इंदिरा गांधी की बहू बनना, इन सबका उल्लेख इस आत्मकथा में किया गया है। सोनिया ने कहा कि



राजनीति से धीरे-धीरे दूरी बनाने के बाद जब उन्होंने अपने जीवन को पीछे मुड़कर देखा, तो उन्हें एहसास हुआ कि ''उनके जीवन के हर पड़ाव को जोड़ने वाली कड़ी प्रेम और निष्ठा रही है।'' उन्होंने अपनी इस यात्रा को ''इटली के छोटे शहर में अपने बचपन की सरलता से लेकर भारत में बिताए वर्षों की जटिलता'' तक की यात्रा बताया। इस विवाद के सामने आने के बाद सोनिया गांधी की आत्मकथा की प्रस्तावित प्रकाशन प्रक्रिया पर सवाल उठने लगे हैं। किताब के कुछ हिस्सों में संपादकीय बदलाव और कुछ अनुच्छेद हटाने को लेकर प्रकाशक और लेखिका के बीच सहमति नहीं बन पाई। लेखिका की ओर से बदलाव स्वीकार नहीं किए जाने के बाद प्रकाशक ने पुस्तक प्रकाशित करने से पीछे हटने का निर्णय लिया। प्रकाशन जगत में किसी पुस्तक के प्रकाशन से पहले संपादकीय समीक्षा और कानूनी जांच सामान्य प्रक्रिया मानी जाती है। प्रकाशक अक्सर पुस्तक की सामग्री को तथ्यात्मक और कानूनी दृष्टि से जांचते हैं, ताकि प्रकाशित सामग्री के कारण भविष्य में किसी तरह की कानूनी समस्या उत्पन्न न हो। कांग्रेस की ओर से इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और प्रेस की स्वतंत्रता से जोड़कर सवाल उठाए जा रहे हैं।

## दिल्ली का युवा कपल बना पाकिस्तानी जासूस!

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ISI से जुड़े एक कथित जासूसी नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए दिल्ली के एक युवा दंपति को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि दोनों साल 2024 से पाकिस्तानी खुफिया अधिकारियों के संपर्क में थे और सोशल मीडिया के जरिए इस नेटवर्क से जुड़े थे। स्पेशल सेल की नॉर्दर्न रेंज को दिल्ली-NCR में सक्रिय पाकिस्तान समर्थित जासूसी नेटवर्क की जानकारी मिली थी। जांच आगे बढ़ी तो पुलिस के हाथ एक ऐसे नेटवर्क के सुराग लगे, जो भारतीय सिम कार्ड जुटाकर पाकिस्तान तक पहुंचाने और संवेदनशील जानकारियां हासिल करने की कोशिश कर रहा था। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहम्मद साहिल और उसकी पत्नी समीरा के रूप में हुई है। साहिल पहले एक पाकिस्तानी एजेंट के संपर्क में आया था, जिसके बाद दोनों की मुलाकात कथित पाकिस्तानी खुफिया अधिकारी यानी PIO से कराई गई। स्पेशल सेल अब पाकिस्तानी हैंडलर्स, सिम कार्ड नेटवर्क और इस जासूसी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की जांच कर रही है।

# 'Employee नहीं इनोवेटर बनने की तैयारी करें युवा, Gen-Z से सीधे संवाद में बोले CM योगी'

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को सीएम आवास पर रक्षाबंधन का त्योहार मनाया। छोटी बच्चियों ने सीएम को राखी बांधी। फिर, योगी आदित्यनाथ ने भी बच्चियों को रिटर्न गिफ्ट दिया। गिफ्ट हैंपर पाकर बच्चे काफी खुश दिखे। इसके बाद योगी आदित्यनाथ ने बच्चों से खूब बातें की और उनके साथ सेल्फी भी ली। साथ ही, गोरखपुर में सीएम योगी ने Gen-Z से सीधा संवाद भी किया। इस मौके पर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले बेटियां डर के मारे स्कूल नहीं जा पाती थीं। आज बहुत अच्छा लगता है जब बेटियां स्कूल जाती हैं। योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री बनने के बाद का एक किस्सा भी सुनाया। उन्होंने बताया कि कैसे उन्हें स्कूली बच्चियों के लिए यूनिफॉर्म और बुक्स देने की योजना चलाने का आइडिया आया था। योगी आदित्यनाथ ने आज छात्रों से भी संवाद किया। आज जब देश भर में सबसे ज्यादा चर्चा Gen-Z की है, सबका फोकस युवाओं पर है, ऐसे समय में योगी आदित्यनाथ ने सीधे उनसे बात की। गोरखपुर में योगी आदित्यनाथ ने बताया कि आज का युवा कैसा होना चाहिए।

देश के डेवलपमेंट में युवा कैसे भागीदार बन सकते हैं। योगी आदित्यनाथ ने इस बात पर जोर दिया कि आपको केवल Employee बनने की तैयारी नहीं करनी है, आपको Innovator, Entrepreneur और Problem Solver बनने की क्षमता विकसित करनी है। उत्तर प्रदेश के विकास के लिए गवर्मेंट, यूनिवर्सिटी, इंडस्ट्री और यूथ, इन चारों की साझेदारी जरूरी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डबल इंजन की सरकार उत्तर प्रदेश में एक ऐसा मजबूत इकोसिस्टम तैयार कर रही है, जहां हर युवा को अपनी योग्यता, रुचि और क्षमता के अनुरूप सीखने, उद्यम करने एवं आगे बढ़ने का पूरा अवसर मिल सके। उधर, युवाओं तक BJP की पहुंच बढ़ाने के लिए पार्टी चीफ नितिन नवीन ने शनिवार को अहम बैठक बुलाई है। इसमें अनुराग ठाकुर और रवि किशन को भी बुलाया गया है। रक्षाबंधन के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बच्चों के साथ सहजता से समय बिताया। बच्चियों द्वारा राखी बांधने के बाद उन्होंने उन्हें उपहार दिए और उनके साथ बातचीत कर उनकी पढ़ाई तथा भविष्य से जुड़ी बातें जानीं। इस दौरान बच्चों में खासा उत्साह दिखाई दिया।

मुख्यमंत्री ने उनके साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं और पर्व की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटियों की शिक्षा और सुरक्षा को लेकर पिछले वर्षों में उत्तर प्रदेश में लगातार प्रयास किए गए हैं।

उन्होंने अपने पुराने अनुभव को साझा करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री बनने के बाद जब उन्होंने स्कूली बच्चियों की स्थिति को देखा तो उनके मन में ऐसी योजनाओं की आवश्यकता महसूस हुई, जिनसे गरीब परिवारों की बेटियों को पढ़ाई जारी रखने में मदद मिल सके।

# नेपाल की भीषण बाढ़ में दंपती और 2 साल की बच्ची लापता



नेपाल के कई इलाकों में आई भीषण बाढ़ के बीच ओडिशा के बरगढ़ जिले के तीन लोगों के लापता होने की बात सामने आई है। लापता लोगों में एक दंपती और उनकी दो साल की बेटी शामिल हैं। परिवार का अपने इन सदस्यों से संपर्क नहीं हो पा रहा है, जिससे परिजनों की चिंता बढ़ गई है। लापता लोगों की पहचान गुन्नम जयकृष्ण, उनकी पत्नी गुन्नम साई बिंदु कुमारी और उनकी दो साल की बेटी के रूप में हुई है। तीनों बरगढ़ जिले के सरला जामपाली इलाके के रहने वाले बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, जयकृष्ण काम के सिलसिले में नेपाल गए थे। वह वहां एक हाइड्रो प्रोजेक्ट में काम कर रहे थे। उनकी पत्नी और दो साल की बेटी भी उनके साथ नेपाल गई थीं। नेपाल के कई हिस्सों में अचानक गंभीर बाढ़ की स्थिति बनने के बाद परिवार का तीनों से संपर्क टूट गया। परिजनों ने उनसे फोन के जरिए संपर्क करने की कई बार कोशिश की, लेकिन किसी भी प्रयास में उनसे बात नहीं हो सकी। लगातार संपर्क नहीं होने के कारण परिवार के लोग उनकी सुरक्षा को लेकर बेहद चिंतित हैं और उनके सुरक्षित होने की जानकारी का इंतजार कर रहे हैं। बरगढ़ कलेक्टर आदित्य गोयल ने भी सरला जामपाली के एक दंपती और उनकी बच्ची के नेपाल में लापता होने की पुष्टि की है। कलेक्टर ने बताया कि जिला प्रशासन को इस मामले की जानकारी मिली है। प्रशासन ने पूरे मामले की सूचना ओडिशा सरकार को दे दी है। इसके साथ ही लापता तीनों लोगों के बारे में जानकारी जुटाने और उनका पता लगाने के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ संपर्क किया जा रहा है। आपको बता दें कि नेपाल में आई तबाही से प्रभावित लोगों की मदद के लिए इंडिया टीवी ने हेल्पलाइन जारी किया है। इसमें लोग अपने लापता परिजनों की तस्वीरें भेज सकते हैं। प्रशासन की ओर से नेपाल में संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय किया जा रहा है, ताकि लापता परिवार के बारे में जल्द से जल्द जानकारी मिल सके। साथ ही उन्हें सुरक्षित ढूंढकर वापस लाने की दिशा में भी प्रयास किए जा रहे हैं। नेपाल में बाढ़ की स्थिति चुनौतीपूर्ण बनी हुई है। ऐसे में परिजन लगातार किसी अच्छी खबर का इंतजार कर रहे हैं। अधिकारी पूरे मामले पर नजर बनाए हुए हैं और तीनों से संपर्क स्थापित करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं।

# खत्म हुआ विवाद! स्वामी रामदेव ने रक्षाबंधन पर भेजी राखी और गिफ्ट्स, तो कंगना भी बोलीं- थैंक्यू

**स्वामी रामदेव और कंगना रनौत के बीच विवाद खत्म होता नजर आ रहा है।**



योग गुरु स्वामी रामदेव और बीजेपी सांसद कंगना रनौत के बीच जारी विवाद आज खत्म होता दिखा। सुलह की पहल स्वामी रामदेव ने की। उन्होंने रक्षाबंधन के मौके पर कंगना रनौत को अपनी बहन कहा। स्वामी रामदेव ने कंगना रनौत के लिए राखी, मिठाइयां और गिफ्ट्स भेजे। स्वामी रामदेव ने कहा कि रिश्ते सामान्य होने चाहिए। संवाद से विवाद का अंत होना चाहिए। रक्षाबंधन का यही संदेश है। उम्मीद है कि स्वामी रामदेव और कंगना रनौत के बीच चल रही कंट्रोवर्सी अब खत्म हो जाएगी। दरअसल, दोनों के बीच बीते 15 दिन से काफी टकराव चल रहा था। खूब बयानबाजी हो रही थी। विवाद की शुरुआत कंगना के 'जेन-जी' प्रोटेस्टर्स को 'गटर जेनरेशन' कहने से हुई थी। फिर, स्वामी रामदेव ने कंगना के बयान को गलत बताया था। इसे बिगड़े हुए दिमाग की निशानी कह दिया था। स्वामी रामदेव ने कंगना के पास्ट को लेकर कमेंट किया। इस पर कंगना रनौत ने स्वामी रामदेव को सोशल मीडिया पर जवाब दिया और इस वार-पलटवार ने विवाद का रूप ले लिया। हालांकि, अब स्वामी रामदेव ने राखी के मौके पर अच्छी पहल की है। दूसरी तरफ, स्वामी रामदेव की पहल का कंगना रनौत ने भी स्वागत किया। इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी लगाकर कंगना ने लिखा कि मेरे भाई बाबा रामदेव ने बहुत अच्छी बात कही है। त्योहार भूल चूक माफ करने के लिए ही होता है। कंगना ने स्वामी रामदेव की गिफ्ट्स को एक्सेप्ट किया। उनके इस पॉजिटिव अप्रोच के लिए उन्हें थैंक्यू कहा। रक्षाबंधन के अवसर पर दोनों के बीच आई यह नरमी सोशल मीडिया पर भी चर्चा का विषय बन गई। पिछले करीब दो सप्ताह से दोनों के बीच चल रही बयानबाजी के बाद स्वामी रामदेव की ओर से राखी और उपहार भेजे जाने को विवाद खत्म करने की दिशा में सकारात्मक कदम माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि त्योहार आपसी मतभेद दूर करने और रिश्तों में मिठास वापस लाने का अवसर देते हैं। स्वामी रामदेव ने कहा कि किसी भी विवाद को लंबा खींचने के बजाय बातचीत के माध्यम से उसका समाधान निकाला जाना चाहिए। उनके अनुसार, रक्षाबंधन केवल भाई की कलाई पर राखी बांधने का पर्व नहीं है, बल्कि यह रिश्तों में विश्वास, स्नेह और जिम्मेदारी को मजबूत करने का संदेश भी देता है। इसी भावना के साथ उन्होंने कंगना रनौत को अपनी बहन बताते हुए उनके लिए राखी, मिठाइयां और उपहार भेजे। वहीं कंगना रनौत ने भी इस पहल का सकारात्मक जवाब दिया। उन्होंने सामाजिक माध्यम पर साझा संदेश में स्वामी रामदेव को अपना भाई बताते हुए उनकी बात का स्वागत किया। कंगना ने कहा कि त्योहार भूल-चूक माफ करने के लिए होते हैं और उन्होंने स्वामी रामदेव की ओर से भेजे गए उपहार स्वीकार किए। उन्होंने इस सकारात्मक पहल के लिए उनका आभार भी व्यक्त किया। दरअसल, दोनों के बीच विवाद की शुरुआत युवा पीढ़ी के एक विरोध प्रदर्शन को लेकर कंगना रनौत की टिप्पणी से हुई थी। कंगना की टिप्पणी पर स्वामी रामदेव ने आपत्ति जताते हुए इसे अनुचित बताया था। इसके बाद स्वामी रामदेव की ओर से कंगना के पुराने जीवन से जुड़ी टिप्पणी किए जाने पर अभिनेत्री ने भी सार्वजनिक रूप से प्रतिक्रिया दी। दोनों पक्षों की लगातार बयानबाजी के कारण मामला काफी चर्चा में आ गया था।

# महिला सहकर्मियों से राखी बंधवाकर IAS अश्वनी कुमार ने दिया बड़ा संदेश



गुवाहाटी। असम सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार निदेशालय (DITEC) ने रक्षाबंधन का त्योहार एक खास संदेश के साथ मनाया। इस मौके पर सिर्फ भाई-बहन के पारंपरिक रिश्ते की बात नहीं हुई, बल्कि भरोसे, सम्मान, गरिमा, सुरक्षित कार्यस्थल और समान अवसर को भी महत्वपूर्ण बताया गया। समारोह के दौरान DITEC, AITEC एवं CSD सोसाइटी, ePrastuti, eOffice और NIC से जुड़ी 11 महिला सहकर्मियों ने DITEC के निदेशक अश्वनी कुमार, IAS को राखी बांधी। इस कार्यक्रम ने रक्षाबंधन के पारंपरिक भाई-बहन के रिश्ते के साथ-साथ ऐसे कार्यस्थल की प्रतिबद्धता भी दिखाई, जो भरोसे, सम्मान, संवेदनशीलता और साझा जिम्मेदारी पर आधारित हो। इस मौके पर DITEC के निदेशक अश्वनी कुमार ने कहा कि राखी को केवल सुरक्षा के प्रतीक के तौर पर नहीं देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह भरोसे का रिश्ता भी है और यही भरोसा कार्यस्थल पर भी दिखाई देना चाहिए। अश्वनी कुमार ने कहा कि कार्यस्थल को वास्तव में सुरक्षित और सभी के लिए समान बनाने के लिए गरिमा, सम्मान और अवसरों का लाभ उठाने की आजादी जरूरी है। कार्यक्रम में इस बात पर भी जोर दिया गया कि कार्यस्थल की सुरक्षा को केवल प्रशासनिक नियम या औपचारिकता नहीं माना जाना चाहिए।

# अमेरिका से जैवलिन मिसाइल सिस्टम खरीद रहा है भारत, इसकी ताकत क्या है? यहां जानिए



भारतीय सेना की युद्ध क्षमता को बढ़ाने के लिए भारत सरकार ने बड़ा फैसला किया है। सामने आई जानकारी के अनुसार, भारत ने अमेरिका से जैवलिन मिसाइल सिस्टम खरीदने के लिए समझौता किया है। भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने इस समझौते के बारे में पुष्टि की है। उन्होंने इस समझौते को अमेरिका-भारत रक्षा संबंधों में एक बड़ा कदम बताया है। आइए जानते हैं कि क्या है जैवलिन मिसाइल सिस्टम की ताकत और क्यों बनी है ये भारतीय सेना की पसंद। आपको बता दें कि जैवलिन एक मीडियम रेंज की आधुनिक और 'फायर-एंड-फॉरगेट एंटी-टैंक' गाइडेड मिसाइल सिस्टम है। इस मिसाइल का प्रोडक्शन अमेरिका की रक्षा कंपनी लॉकहीड मार्टिन द्वारा किया जाता है। इस मिसाइल सिस्टम का इस्तेमाल अमेरिकी सेना, अमेरिकी मरीन कॉर्प्स और कई अन्य देशों की सेनाएं करती हैं। जानकारी के अनुसार, जैवलिन मिसाइल को बख्तरबंद वाहनों और मजबूत किलेबंदी वाली जगहों समेत अनेक प्रकार के टारगेट के खिलाफ इस्तेमाल करने के लिए बनाया गया है। जैवलिन को दुनिया की सबसे भरोसेमंद फायर-एंड-फॉरगेट एंटी-टैंक मिसाइल सिस्टम्स में से एक माना जाता है। ये दुश्मन के लक्ष्यों तक बेहद सटीकता से निशाना लगाती है। जैवलिन मिसाइल सिस्टम हाई मोबिलिटी, थर्मल गाइडेंस और पोर्टेबिलिटी से लैस है जो कि इसे जंग के मैदान में काफी प्रभावी बनाती है। जैवलिन मिसाइल भारतीय सेना की इन्फैंट्री की एंटी-आर्मर क्षमता को काफी बढ़ा देगी। हमारे दोनों देशों के बीच सहयोग अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर है।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक प्रदीप सिंह के लिए मुद्रक ताराचन्द कुमावत महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नं 17, माँ वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड़ जयपुर - 302012 ( राजस्थान) से मुद्रित व 1053, सोसाइटी नगर, शहीद भगत सिंह कॉलोनी, पाली, राजस्थान - 306401 (राजस्थान) से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा) समाचार चयन के लिए पी.आर.पी. एक्ट के तहत जिम्मेदार I RNI No. - RJMUL/26/A4290 प्रबंध सम्पादक - प्रदीप सिंह, मो . 9983831415